# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026


## पुलिस की लापरवाही की पीड़ा मां ने भोगी, ढाई माह बाद बेटे का शव कब्र से निकालकर कर सकी अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

ढाई महीने के इंतजार उपरांत आखिरकार एक मां को अपने बेटे के अंतिम संस्कार का मौका मिल सका। डीएनए टेस्ट में मृतक की शिनाख्त होने के बाद एसडीएम के निर्देश के बाद कब्र खोदकर शव बाहर निकाला और मां के सुपुर्द किया गया। इस दौरान मां ने अपने बेटे को कफन ओढ़ाकर नम आंखों से बेटे को विदाई दी। यह पूरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर का है। बता दें कि 1 नवम्बर 2025 को मानपुर में रिंग रोड किनारे स्थित कुएं में एक युवक का शव मिला था। ▶▶| शेष पेज 7 पर

डीएनए रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर हुई मृतक की पहचान, कब्र खोदकर निकाला गया शव



### परिजन के सुपुर्द

*एक अज्ञात शव मानपुर स्थित कुएं में मिला था। मृतक की शिनाख्त एक परिवार द्वारा की गई। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया था। शिनाख्ती किए गए परिवार का युवक जीवित निकला। इस दौरान एक अन्य गुमशुदा व्यक्ति के परिजन ने शव पर दावा किया था। इस लिए डीएनए टेस्ट कराया गया। डीएनए टेस्ट* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 18 साल की नौकरी, अब हुई कार्रवाई, 8 प्रधानपाठक बर्खास्त, निशाने पर और 10

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा के मामले में 8 प्रधानपाठकों की नौकरी समाप्त कर दी गई है, वहीं 10 शिक्षक टारगेट में हैं। ये प्रधानपाठक शिक्षाकर्मी के रूप में भर्ती हुए थे। प्रमोशन के बाद ये प्रधानपाठक और शिक्षक बन गए हैं। सभी शिक्षक पिछले 18 साल से नौकरी कर रहे थे।

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में कार्रवाई का दौर चल रहा है। मामला 18 साल पुराना है। वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में 172 शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गई थी, जिसमें गलत तरीके से और ▶▶| शेष पेज 7 पर

वर्ष 2007 में हुई शिक्षाकर्मी भर्ती में फर्जीवाड़ा का मामला




### इन पर गिरी गाज

*लखनलाल प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला विश्रामपुर धमतरी, ईश्वरी निर्मलकर प्रधानपाठक सोनारिनदैहान मगरलोड, मंजू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भरदा मगरलोड, श्रीमती युकेश प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भाठापारा दूधवारा मगरलोड, लता साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला खिसोरा मगरलोड, हेमंत कुमार साहू प्राथमिक* ▶▶| शेष पेज 7 पर


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹102266/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹124900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹136340/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


### पुलिस की कई टीमें कोर्ट परिसर पर तैनात, दिनभर दहशत का माहौल

# राजनांदगांव, बिलासपुर समेत देश के 15 कोर्ट को उड़ाने 'मेल-बम', चप्पे-चप्पे की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव दुर्ग/बिलासपुर/नई दिल्ली

*छत्तीसगढ़ के तीन जिला समेत देश के 15 कोर्ट परिसरों को बम से उड़ानें की धमकी से हड़कंप मच गया। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश, केरल और छत्तीसगढ़ के कोर्ट परिसर को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद कोर्ट परिसर खाली करा लिए गए हैं। पुलिस की टीमें और डॉग स्क्वाड ने जांच की। सभी जगह दहशत का माहौल दिखा।*

खास खबर

छत्तीसगढ़ की तीन जिला अदालतों को गुरुवार को गुमनाम ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस ने परिसर की गहन तलाशी ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजनांदगांव, दुर्ग और बिलासपुर जिलों की अदालतों की आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरा संदेश मिला, जिसके बाद पुलिस को सतर्क किया गया। राजनांदगांव में अदालत की आधिकारिक ईमेल आईडी पर सुबह 10:07 बजे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया एक ईमेल मिला, जिसमें आरडीएक्स-आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का इस्तेमाल करके आत्मघाती हमले की धमकी दी गई थी। राजनांदगांव के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भेजने वाले ने यह भी धमकी दी कि जजों को दोपहर 2:35 बजे तक परिसर से बाहर निकाल दिया जाए। उन्होंने बताया कि इसके बाद जिले के कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 7 पर



एहतियात के मद्देनजर राजधानी रायपुर में सुरक्षा जांच की गई



बिलासपुर जिला न्यायालय में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात

### सात राज्यों में दहशत

- छत्तीसगढ़ : राजनांदगांव, दुर्ग और बिलासपुर कोर्ट
- मध्य प्रदेश : रीवा कोर्ट
- केरल : कासरगोड कोर्ट
- ओडिशा : कटक, संबलपुर, देवगढ़ कोर्ट और हाईकोर्ट
- हिमाचल प्रदेश : हाईकोर्ट
- बिहार: पटना सिविल, पटना सिटी, किशनगंज सिविल, गयाजी सिविल कोर्ट
- पंजाब : फिरोजपुर, मोगा, रोपड़ कोर्ट
- हरियाणा : हाईकोर्ट

### मेल में लिखा- कोर्ट में तीन आरडीएक्स

बिहार के 4 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसमें पटना सिविल कोर्ट, पटना सिटी कोर्ट, किशनगंज सिविल कोर्ट, गयाजी सिविल कोर्ट शामिल है। धमकी एक अज्ञात मेल के जरिए दी गई है, जिसमें ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ई मेल आया था

*कोर्ट में बम से उड़ा देने संबंधी ई - मेल आया था। बीडीएस टीम के द्वारा सभी कोर्ट व परिसर की जांच की गई है। कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। सिविल लाइन थाने में मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। ई - मेल की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

*-पंकज कुमार पटेल*
*एएसपी सिटी, बिलासपुर*

### एलटीटीई संगठन से मिली धमकी

बिलासपुर में एलटीटीई संगठन से जिला न्यायालय को आरडीएक्स से उड़ा देने की धमकी संबंधी ई मेल सीजेएम कोर्ट में भेजे जाने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सुबह जिला न्यायालय स्थित सीजेएम कोर्ट में तमिलनाडु में सक्रिय एलटीटीई संगठन के अरूण कुमार ने ई मेल भेजकर धमकी दी। मेल में लिखा था कि कोर्ट परिसर में आरडीएक्स रखा गया है। 2 बजकर 35 मिनट में 100 मीटर के दायरे से रिमोट कंट्रोल के माध्यम से कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी टीम के साथ कोर्ट पहुंच गए। किसी कारण बम ने फटा तो दो आत्मघाती लोग आएंगे और स्वयं अपने आपको बम से उड़ा देंगे। ई मेल मिलने ▶▶| शेष पेज 7 पर

## झारखंड शराब घोटाले में छग के डिस्टलरी संचालक केडिया गोवा में अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ केडिया डिस्टलरी के संचालक नवीन केडिया को झारखंड, रांची एसीबी की टीम ने गोवा से गिरफ्तार कर लिया है। टीम अपने साथ गुरुवार को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लेकर गई है। आरोप है कि देशी शराब की सप्लाई नवीन केडिया द्वारा की गई थी, जिसमें झारखंड सरकार को 136 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ था। झारखंड शराब घोटाला में नाम सामने आने के बाद नवीन फरार चल रहा था।



झारखंड एसीबी द्वारा गिरफ्तार नवीन केडिया का नाम छत्तीसगढ़ शराब घोटाला में भी शामिल है। केडिया पर आरोप है कि उसने सिंडिकेट को शराब आपूर्ति कर इसके बदले 243.72 करोड़ रुपए कमीशन दिया। गिरफ्तारी से बचने कारोबारी ने कोर्ट में जमानत याचिका भी दाखिल की थी। याचिका की सुनवाई के पूर्व एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी के अनुसार यह मामला उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल से जुड़ा है।

### नई नीति बनने के बाद मिला था ठेका

झारखंड में मई 2022 में नई शराब नीति लागू की गई। नई उत्पाद नीति के दौरान छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारियों और प्लेसमेंट एजेंसियों को झारखंड में काम दिए जाने का आरोप है। आरोप है कि इन कारोबारियों और एजेंसियों से कमीशन के तौर पर मोटी रकम ली गई और इसी के बदले उन्हें झारखंड में शराब कारोबार से जुड़े ठेके और काम सौंपे गए। नवीन केडिया को झारखंड के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे का करीबी माना जा रहा है। एसीबी का मानना है कि पूछताछ के दौरान घोटाले की पूरी चेन, अधिकारियों की भूमिका और पैसों के लेनदेन से जुड़े अहम सुराग सामने आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को चुनौती सुनवाई 13 जनवरी को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बिहार समेत कई राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिन में याचिकाओं की सुनवाई तय की थी।



### राजौरी में संदिग्ध आईईडी बरामद, किया निष्क्रिय

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को एक संदिग्ध आईईडी बरामद हुआ। उसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर सेना और पुलिस ने बुधवार को संयुक्त अभियान शुरू किया। तलाश अभियान के दौरान कुछ संदिग्ध सामग्री मिली, जिसकी सुरक्षा बलों ने गहन जांच की। लगभग चार किलोग्राम वजन की इस संदिग्ध सामग्री की पहचान आईईडी के रूप में की गई।

### ट्रक की टक्कर से दो की मौत, छह घायल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में काकड़ा गांव के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक टैम्पो को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और तीन महिलाओं समेत छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गुलशन (40) और आशिफा (10) के रूप में हुई है। यह घटना हुई जब ये लोग मुजफ्फरनगर से बुढ़ाना कस्बे की ओर टैम्पो में लौट रहे थे।




### प्रख्यात साहित्यकार ज्ञानरंजन का निधन

**जबलपुर।** प्रसिद्ध कथाकार और साहित्यकार ज्ञानरंजन का 90 वर्ष की आयु में एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय गौरी घाट मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञानरंजन के पुत्र शांतनु ने यह जानकारी दी। देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में विशेष स्थान रखने वाली पत्रिका 'पहल' के संपादक के रूप में काम कर चुके ज्ञानरंजन के निधन की खबर के साथ ही कथा और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में स्थानीय कथाकार और उनके चाहने वाले अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### सीएम ने सुनी फरियाद...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 'जनदर्शन' के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा सुनते हुए न केवल उसकी समस्या को समझ रहे हैं, बल्कि मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। गुरुवार को सीएम साय ने लोगों की फरियाद सुनी और तत्काल उनकी मदद पहुंचाई।

### अंडर वियर और फटे बनियान में लिपस्टिक पोतकर आरोपी का निकाला था जुलूस

## तमनार की घटना पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा- ऐसी घटना ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप




रायगढ़ तमनार की घटना पर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नाराजगी जताई और शासन की ओर से पक्ष रखने महाधिवक्ता को तलब किया। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह की घटना ठीक नहीं है। तमनार में भी महिला आरक्षक पर हमला करने और वर्दी फाड़ने के मामले में मुख्य आरोपी का पुलिस ने सड़क पर अंडर वियर और फटे बनियान में लिपस्टिक पोतकर जुलूस निकाला था। दरअसल अभनपुर के एक मामले को लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच में सुनवाई हो रही थी। राजधानी रायपुर के एक थाना ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने तल्खी के साथ उक्त मामले में नाराजगी जताई। कोर्ट ने शासन की ओर से खड़े अधिवक्ता को कहा कि इस मामले में सरकार का पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता को तलब किया जाए।

## पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर खुद को मारी गोली

एजेंसी ▶▶| फिरोजपुर

फिरोजपुर के हरमन नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने आवास पर अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान अमनदीप सिंह (42), उनकी पत्नी जसवीर कौर (40) और उनकी बेटियों मनवीर कौर (10) और परमीत कौर (छह) के रूप में हुई है। घटना का पता गुरुवार सुबह चला जब घर में काम करने वाली महिला वहां पहुंची और गेट अंदर से बंद पाया। काफी खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो नौकरानी ने किरायेदार और पड़ोसी को इसकी जानकारी दी।






### टॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया रिपोर्ट में खुलासा

# महिला सुरक्षा में सबसे सुरक्षित शहर बेंगलुरु!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महिलाओं की सुरक्षा और करियर के सुनहरे अवसर पाने के मामले में बेंगलुरु को महिलाओं के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ शहर चुना गया है। यह अध्ययन वर्कप्लेस इन्क्लूजन फर्म अवतार ग्रुप की हालिया रिपोर्ट में जारी किया गया है।

'टॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया (टीसीडब्ल्यूआई)' के चौथे संस्करण में देश के 125 शहरों को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में महिलाओं की सुरक्षा, करियर ग्रोथ, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं और इन्हीं मानकों के आधार पर शहरों की रैंकिंग की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु ने 53.29 के सिटी इन्क्लूजन स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया है। यहां महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल के साथ-साथ बेहतरीन करियर अवसर और समावेशी कार्यस्थल उपलब्ध हैं। यह रैंकिंग महिलाओं के अनुकूल शहरी माहौल तैयार करने में दक्षिण और पश्चिम भारत की मजबूत स्थिति को साबित करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के लिए सबसे लचीला और सशक्त ▶▶| शेष पेज 7 पर




**टॉप-5 शहर**

| | |
|---|---|
| बेंगलुरु | - 53.29 |
| चेन्नई | - 49.86 |
| पुणे | - 46.27 |
| हैदराबाद | - 46.04 |
| मुंबई | - 44.49 |

### कैसे होता है शहरों का मूल्यांकन?

यह रिपोर्ट एक लोंगिट्यूडिनल इन्क्लूजन इंडेक्स के रूप में तैयार की गई है, जो यह आंकती है कि महिलाओं के लिए कौन-सा शहर कितना सुरक्षित और अवसर से भरा हुआ है। इस इंडेक्स के जरिए महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और प्रोफेशनल ग्रोथ में समय के साथ हुए सुधारों को मापा जाता है, जिसमें बेंगलुरु इन सभी पैमानों को बेहतर बनाने में लगातार सफल हो रहा है।

### महिलाओं के करियर को कैसे मिलती है मजबूती

सोशल इन्क्लूजन स्कोर में सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवागमन और रहने योग्य परिस्थितियों जैसे पहलुओं का आकलन किया जाता है। वहीं इंडस्ट्रियल इन्क्लूजन स्कोर में महिलाओं के लिए सरकारी-निजी नौकरियों, स्किलिंग, कार्यबल में भागीदारी और कंपनियों के जरिए दी जाने वाली सुविधाओं को मापा जाता है। अध्ययन के अनुसार, जो शहर सामाजिक और औद्योगिक दोनों स्तरों पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं। वे महिलाओं के करियर डेवलपमेंट के लिए सबसे अनुकूल होते हैं। चेन्नई सामाजिक समावेशन में शीर्ष पर रहा।

बस्तर अंचल में गोंडी बोली में पंडुम शब्द का शाब्दिक अर्थ 'उत्सव' होता है। यहां पर निवासरत जनजातीय समुदाय अपनी पारंपरिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्वों को पंडुम के रूप में मनाते आ रहे हैं। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जनजातीय जीवनशैली, आस्था और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। पंडुम के अवसर पर गांव-गांव में विशेष उल्लास देखने को मिलता है। आदिवासी समाज प्रकृति, देव-देवताओं और पूर्वजों के प्रति आभार प्रकट करता है। पारंपरिक वेशभूषा में सजे पुरुष और महिलाएं मांदर, ढोल और अन्य लोक वाद्ययंत्रों की थाप पर नृत्य करते हैं।

# बस्तर की जनजातीय संस्कृति का जीवंत उत्सव है 'पंडुम'

## पिछले साल समापन में पहुंचे थे अमित शाह, इस वर्ष राष्ट्रपति के आने की संभावना

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर




लोकगीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति, इतिहास और जीवन मूल्यों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता है। इस पर्व के दौरान सामूहिक भोज, पूजा-अर्चना और मेल-मिलाप की परंपरा भी निभाई जाती है, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है। पंडुम बस्तर की समृद्ध जनजातीय पहचान को उजागर करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। बस्तर अंचल में मनाया जाने वाला पंडुम आज भी जनजातीय समाज की सांस्कृतिक चेतना और प्रकृति से जुड़े जीवन दर्शन का सजीव उदाहरण है। बस्तर पंडुम को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने का संकल्प केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम 2025 के समापन समारोह में लिया था। उस दौरान समापन में 47 हजार कलाकारों ने भागीदारी दी थी। जिसमें 1850 ग्राम पंचायत, 12 नगर पंचायत, 8 नगर परिषद और नगर पालिका क्षेत्र के युवा शामिल थे। पिछले साल 7 श्रेणियों में युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई थी, इस बार 12 श्रेणियों में विस्तार दिया गया है। उसी समय अमित शाह ने हर नक्सलमुक्त गांव को 1 करोड़ की विकास निधि देने का ऐलान किया था। नए वर्ष के 2 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में देवी दंतेश्वरी दर्शन के बाद बस्तर पंडुम का लोगो और थीम गीत का विमोचन किया था। दिल्ली जाकर उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को बस्तर पंडुम में आमंत्रित किया है। अगले माह 2 से 6 फरवरी तक होने वाले समापन समारोह में राष्ट्रपति के आने की संभावना है।

### 3 चरणों में होगा आयोजन

अमित शाह के 31 मार्च तक नक्सलवाद के सफाए की घोषणा के साथ नक्सली बैकफुट पर हैं या तो मारे जा रहे या फिर सरेंडर कर रहे हैं। कुल मिलाकर नक्सलवाद का काला अध्याय समाप्ति की ओर है। इसलिए सरकार बस्तर पंडुम के जरिए बस्तर के युवाओं को सही राह में ले जाने उन्हें अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ जोड़े रखते हुए उनकी प्रतिभा को भी निखारकर आगे ले जाने की कवायद में जुटी है। बस्तर पंडुम 2026, 10 जनवरी से 6 फरवरी तक 3 चरणों में होगा। 10 से 20 जनवरी तक जनपद स्तरीय, 24 से 29 जनवरी तक जिला स्तरीय तथा 2 से 6 फरवरी तक संभाग स्तरीय कार्यक्रम होंगे।

### हर जिले की खास पेशकश

बस्तर संभाग के 7 जिलों के व्यंजन इस साल भी शामिल होंगे। जिनमें सुकमा जिले के स्टाल में चापड़ा और केकड़ा चटनी, झिमा मिनी चखना, लंदा सल्फी और पेज। दंतेवाड़ा के जाटा जावा, जुड़क जावा, दुसा जावा सहित पारंपरिक पेय पदार्थ। बस्तर जिले के सल्फी, छिंद रस, सुराम, चाउर भाजा, तिखुर पालो, भेंडा शरबत। कोंडागांव का दाड़गो देशी दारू, बीजापुर का मड़िया पेज, बेल शरबत, नारायणपुर का कोडिल कुसीर, मांट कुसीर और गोरगा सल्फी, कांकेर का टेठरी, बोबरा रोटी, अरसा और खुरमी। इन व्यंजनों को बस्तर पंडुम 2025 में खूब पहचान और सराहना मिली थी इस बार भी यह शामिल होगा।

### एसबीआई के साथ सरकार के एमओयू में कई बड़े प्रावधान

# प्रदेश के साढ़े चार लाख सरकारी कर्मियों को मुफ्त में एक करोड़ का बीमा और परिवार को बड़ी आर्थिक सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन काम करने वाले करीब साढ़े चार लाख शासकीय सेवकों और उनके परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इस काम के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया से एक एमओयू किया गया है। खास बात ये है यह बीमा पूरी तरह मुफ्त होगा। कर्मियों को अपना सैलेरी अकांउट एसबीआई में सैलेरी पैकेज अकांउट में बदलना होगा। अगर किसी कर्मी की सामान्य दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को एक करोड़ रुपए और हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर परिजनों को 1 करोड़ 60 लाख रुपए तक देने का प्रावधान है। यही नहीं, एसबीआई ने एमओयू में कई और सुविधाएं देने का वादा भी किया है।**

राज्य में शासकीय सेवकों की सेवाकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर शासन की ओर से एक्सग्रेसिया के रूप में 50 हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान था। बतौर बीमा इसके अलावा कोई अन्य सुविधा का प्रावधान नहीं था, लेकिन अब सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को कई तरह से बीमा सुरक्षा मिलेगी। सरकार के वित्त विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया है और ये व्यवस्था 4 जनवरी 2026 से लागू हो गई है।

स्टेंट बैंक से एमओयू होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के नियमित शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को सामान्य मृत्य पर एक करोड़ रुपए (व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत उनके परिजनों को मिलेंगे। इसके साथ ही 10 लाख रुपए ग्रुप टर्म लाइफ (जीटीएल) के तहत मिलेंगे, लेकिन अगर कर्मी की मृत्य हवाई दुर्घटना में होती है तो एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस (एएआई) 1 करोड़ 60 लाख रुपए मिलेंगे।

### राज्य सरकार वेतन पैकेज खातों की मुख्य बातें

दुर्घटना में मृत्यु होने पर 100 लाख रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर के साथ हवाई दुर्घटना बीमा कवर 1करोड़ 60 लाख स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 1 करोड़ स्थायी आंशिक विकलांगता पर अधिकतम 80 लाख रुपये तक विकलांगता बीमा राशि मौजूदा नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

### परिवार के लिए ये प्रावधान

परिवार का परिवहन (दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के लिए तत्काल 2 परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए यात्रा का खर्च): अधिकतम 50 हजार रुपए तक मिलेंगे। बीमा के संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा है कि शासन की पहल से एसबीआई के साथ ये एमओयू हुआ है। शासकीय कर्मियों और उनके परिजनों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी।




### बाल शिक्षा लाभ पर्सनल एक्सीडेंटल

इंश्योरेंस (डेथ) कवर की स्वीकार्यता पर लागू होगा। दुर्घटना के समय पुरुष बच्चे के लिए अतिरिक्त 8 लाख रुपये तक या लड़की के लिए 10 लाख रुपये (18-25 साल की उम्र) ( पीएआई का 25 प्रतिशत) मिलेगा।

### पुलिस कर्मियों के लिए मिलेगी ये मदद

एसबीआई। पर्सनल लोन (एक्सप्रेस क्रेडिट) 10 लाख रुपये तक का इंश्योरेंस कवर (आतंकवादी,नक्सलवादी,राष्ट्र-विरोधी,विदेशी दुश्मन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई में ड्यूटी के दौरान मृत्यु के मामले में कवर किए गए पुलिस,अर्धसैनिक,पुलिस बलों के लिए लागू होगा। 10 लाख का अतिरिक्त पीएआई कवर भी इसी वर्ग के कर्मियों को मिलेगा।

### बैंक खातों में होगा बदलाव

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अधिकारियों, कर्मचारियों के मौजूदा सैलेरी अकाउंट को स्टेट गवर्नमेंट सैलेरी पैकेज में बदल दिया जाएगा। एसबीआई ग्रुप के सबसे बड़े एटीएम नेटवर्क का इस्तेमाल बिना किसी चार्ज के, बैंक द्वारा समय-समय पर तय की गई निकासी राशि की सीमा के अधीन होगा। अन्य बैंकों के एटीएम का इस्तेमाल बिना किसी चार्ज के, बैंक द्वारा समय-समय पर तय की गई निकासी राशि की सीमा के अधीन होगा। एटीएम इंटरनेट, मोबाइल बैंकिंग, योनो के जरिए कहीं भी बैंकिंग की सुविधा मिलेगी। मुफ़्त शॉपिंग-कम- एटीएम,डेबिट कार्ड,ज्वाइंट अकाउंट होल्डर्स के लिए मुफ़्त सप्लीमेंट्री शॉपिंग-कम-एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड की सुविधा मिलेगी।

### दुर्घटना पर मिलेगा ये बीमा कवर

ऐड-ऑन कवर पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस (डेथ) कवर की स्वीकार्यता पर लागू होगा। जलने के मामलों में प्लास्टिक सर्जरी: अधिकतम 10 लाख रुपये तक. दवाइयों का आयात अधिकतम 5 लाख रुपये तक, एम्बुलेंस शुल्क: अधिकतम 50 हजार रुपए तक, एयर एम्बुलेंस शुल्क अधिकतम 10 लाख रुपये तक, दुर्घटना के बाद कोमा में मृत्यु (48 घंटे से अधिक): अधिकतम 5 लाख रुपये तक 6. पार्थिव शरीर का परिवहन: अधिकतम 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### लड़की की शादी का लाभ

पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस (मृत्यु) कवर की स्वीकार्यता पर लागू होगा। हकदार पर्सनल एक्सीडेंटल (डेथ) इंश्योरेंस कवर का 20 प्रतिशत तक 5 लाख रुपये एक लड़की के लिए और अधिकतम 10 लाख रुपये 2 लड़कियों के लिए (दुर्घटना के समय 18-25 साल की उम्र)।

# आंगनबाड़ी भवन का छज्जा गिरने से दबकर छात्र की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का छज्जा गिरने से गुरुवार को एक मासूम छात्र की मौत हो गई। छात्र खेलते हुए निर्माणाधीन भवन की तरफ चला गया था और वह छज्जे के मलबे के नीचे दब गया। बच्चे को आनन फानन में निकालकर उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर 12 वर्षीय छात्र आलोक आ. रमेश देवांगन खुटहन पारा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करता था। छात्र आलोक देवांगन गुरुवार को प्रतिदिन की तरह स्कूल गया था और मध्यान्ह भोजन के अवकाश में खेलने के लिए निकला था। इस दौरान वह खेलते हुए स्कूल परिसर में ही बन रहे आंगनबाड़ी भवन की तरफ चला गया। बच्चा संभवतः शौच के लिए निर्माणाधीन भवन की तरफ गया होगा तभी छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से बच्चा मबले के नीचे दब गया। आसपास मौजूद अन्य बच्चों ने तत्काल घटना की जानकारी शिक्षकों को दी।

### घटिया निर्माण बनी हादसे की वजह

बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में ही आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता में भारी लापरवाही बरती गई और यही वजह है कि छज्जा गिर गया। इस हादसे में मासूम की मौत हो गई। वहीं विद्यालय में चार शिक्षक पदस्थ होने के बावजूद छात्र की सुरक्षा में लापरवाही सामने आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद जनपद सीईओ निजामुद्दीन खान भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन के गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी पर कार्रवाई करने की बात कही है।

### दिए है जांच के निर्देश

खेलते समय बच्चा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन की तरफ चला गया था। छज्जा गिरने से दबकर बच्चे की मौत हुई है। इस मामले की जांच के निर्देश बीईओ को दिए गए है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मनीराम यादव
डीईओ

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में कम्प्यूटर आपरेटर की मौत



**धमतरी।** ड्यूटी जा रहे बाइक सवार कम्प्यूटर आपरेटर को बाइक-ठेला ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई । अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी देवेन्द्र कुमार साहू पिता जीवराखन उम्र 39 वर्ष कलेक्ट्रेट में स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में कार्यरत था। गुरुवार की सुबह युवक अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एए 3830 से ड्यूटी पर कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकला था। इसी दौरान ऑटोनुमा मोडिफाइड वाहन बाइक-ठेला क्रमांक सीजी 05 एन 1896 सामान लेकर मड़ई जा रहा था। भानपुरी मोड़ के पास बाइक-ठेला के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। जिससे देवेन्द्र की मौके पर मौत हो गई।

### 41.86 लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले में तस्करी के दो मामलों में पुलिस ने 41.86 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। इन मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, वहीं एक आरोपी भाग निकला। इन घटनाओं को लेकर सिंघोड़ा और बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पहले मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल में ऑटो से गोविंद राम और गयासुद्दीन आलम 60 किलोग्राम गांजा कीमत 30 लाख रुपए बरामद किया। दूसरे मामले में बसना पुलिस ने गढ़पटनी रोड तिराहा बसना के पास महिंद्रा एक्सयूवी 500 से कुल 23.30 किलोग्राम 1186500 रुपए का गांजा जब्त किया गया।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए किया प्रेरित

# पुनर्वासित युवाओं के साथ डिप्टी सीएम ने नाश्ते साथ किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर में गुरुवार सुबह पुनर्वास केंद्र का दौरा कर पुनर्वासित युवक-युवतियों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने युवाओं के साथ बैठकर सुबह का नाश्ता किया और उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री ने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि वे अपने घर-परिवार से लगातार संपर्क बनाए रखें। रविवार को बीजापुर के साप्ताहिक बाजार में उनके परिजन आते हैं, ऐसे में वे पुनर्वास केंद्र में आकर उनसे मुलाकात करें। इसके साथ ही मोबाइल के माध्यम से भी नियमित रूप से घरवालों से बातचीत कर हालचाल लेते रहें। सभी पुनर्वासित युवाओं को निःशुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए हैं। पुनर्वासित युवक-युवतियों ने बताया कि वे मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप, यूट्यूब के साथ-साथ आनलाइन शॉपिंग का भी उपयोग कर रहे हैं। मोबाइल सुविधा और पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। शर्मा ने बस्तर ओलंपिक में शामिल युवाओं से उनके अनुभव साझा किए। कबड्डी, रस्साकसी सहित विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले युवाओं ने अनुभव बताए।



### मन लगाकर ज्ञान अर्जित करने की दी समझाइश

उपमुख्यमंत्री ने युवाओं को पुनर्वास केंद्र में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मन लगाकर ज्ञान अर्जित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कई युवा अभी असाक्षर हैं, जिन्हें साक्षरता कार्यक्रम के तहत पढ़ाई से जोड़ा गया है और साक्षरता परीक्षा में भी शामिल किया जा रहा है।

### 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के बाद अब बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें बस्तर की आदिवासी संस्कृति, खान-पान, नृत्य और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने पुनर्वासित युवाओं से बस्तर पंडुम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया, ताकि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सके। युवाओं ने इसमें भाग लेने को लेकर उत्साह व्यक्त किया।



### वनोपज बस्तर की समृद्धि का प्रतीक

युवाओं से बस्तर के बहुमूल्य वनोपज इमली, टोरा, महुआ, आंवला, चिरौंजी और तेंदूपत्ता के संग्रहण की जानकारी ली। उन्होंने वनोपज के वैज्ञानिक संग्रहण, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि बस्तर का वनोपज बस्तर की समृद्धि का प्रतीक है। सही तरीके से प्रसंस्करण कर शासन की योजनाओं से जुड़कर युवा आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। इसके लिए शासन द्वारा हरसंभव सहायता दी जाएगी।

# शिक्षा कार्यालय में दोपहरभर कब्जा जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठाई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गुरुवार पूरे दोपहर जिला शिक्षा कार्यालय में गहमा-गहमी रही। आपत्तिजनक प्रश्नपत्र को लेकर विरोध दर्ज कराने पहुंची एनएसयूआई को जब कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी नहीं मिले तो वे वहीं कब्जा कर पूरी दोपहर बैठे रहे। शिक्षा अधिकारी के आने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराने के बाद ही एनएसयूआई पदाधिकारी कक्ष से हटे। प्रदर्शनकारी छात्रनेताओं की संख्या को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही। उग्र प्रदर्शन के बाद भी बल प्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई। गौरतलब है कि महासमुंद में कक्षा चौथी के इंग्लिश विषय के पर्चे में छात्रों से एक आपत्तिजनक सवाल पूछा गया था। प्रश्नपत्र के पहले ही सवाल में पूछा गया कि मोना के कुत्ते का नाम क्या है? विकल्प में बाला, शेरू, राम या इनमें से कोई नहीं दिया गया। बाद में ज्ञात हुआ कि यह विवादास्पद प्रश्नपत्र केवल महासमुंद में नहीं बल्कि संपूर्ण रायपुर शिक्षा संभाग में वितरित हुआ है। रायपुर शिक्षा संभाग के अंतर्गत आने वाली राजधानी, महासमुंद, बलौदाबाजार और धमतरी में भी ये ही सवाल पूछे गए। बुधवार को केवल महासमुंद जिले में विवाद और विरोध-प्रदर्शन हुए थे। गुरुवार को रायपुर में भी प्रदर्शन उग्र हो गया।

### मुद्रण त्रुटि नहीं अपितु गंभीर चूक

जांच के लिए समिति गठित करने और कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद ही छात्रनेता कक्ष से हटे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा, यह केवल तकनीकी या मुद्रण संबंधी गलती नहीं है, बल्कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चल रही शिक्षा व्यवस्था की गंभीर चूक है। प्रश्न पत्र निर्माण से लेकर छपाई और वितरण तक पूरी प्रक्रिया में भाजपा शासित शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी तय होती है। यदि जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डालने या दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। निखिल बघेल, सूरज साहू, तारिक अनवर, संस्कार पांडे, विमल साहू, डिकेंद्र सिन्हा, देवेंद्र पाल, धनंजय पाल, देव, भूपेंद्र सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बने।

### जांच कर रहे

प्रश्नपत्र शिक्षकों द्वारा ही तैयार किया जाता है। किस स्तर पर यह त्रुटि हुई है, इसकी जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

- हिमांशु भारतीय, डीईओ रायपुर

### फैसला आने तक याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत मिली

# सौम्या की याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ईओडब्ल्यू ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईडी की स्पेशल बेंच में प्रस्तुत किया है

सौम्या चौरसिया ईडी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के विरोध में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इस मामले में हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। फैसला आने तक याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत मिली है। मामले में 13 जनवरी को फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले शासन ने अपना जवाब पेश किया जिसमें कार्रवाई को सही बताया गया। दरअसल, शराब घोटाले के केस में ईओडब्ल्यू ने सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ईओडब्ल्यू ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईडी की स्पेशल बेंच में आवेदन प्रस्तुत किया है। सौम्या के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने हाईकोर्ट में कहा है कि, ईडी की टीम ने राजनीतिक षडयंत्र के तहत इस केस की जांच की है। जिसके बाद सुनियोजित साजिश के तहत फंसाने के लिए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंपा है। ढाई साल पुराने इस केस में सौम्या चौरसिया का कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद भी उन्हें गिरफ्तार कर परेशान करना चाहती है। ध्यान रहे कि शराब घोटाले से संबंधित मामलों की 13 जनवरी से ट्रायल भी शुरू होना है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच में चल रही है।

### हाईकोर्ट ने शिक्षकों के प्रमोशन पर लगाई रोक

हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग में हेड मास्टर प्राथमिक शिक्षक से लेक्चरर पद पर पदोन्नति से जुड़े मामलों में अंतरिम आदेश देते हुए 22 दिसंबर 2025 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति डीपीसी की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता बृजेश मिश्रा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका के मुताबिक वह वर्ष 2010 से हेडमास्टर प्राथमिक के पद पर कार्यरत है। एक जनवरी 2022 को आयोजित डीपीसी में उन्हें पदोन्नति के लिए योग्य पाया गया था। समय पदोन्नति आदेश जारी नहीं हो सका था। इन प्रकरणों का 9 मार्च 2023 को अंतरिम निराकरण हो गया। इसके बाद पदोन्नति में कोई कानूनी बाधा शेष नहीं रही। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने 2022 की डीपीसी को लागू नहीं किया। याचिका में कहा गया कि कोर्ट में मुकदमा प्रकरण लंबित रहते हुए बिना वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दिए नया नियम लागू कर दिया गया।

रायपुर

**शुक्रवार 9 जनवरी 2026**
माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 171
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 27.7
न्यून. 12.4


09 ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड ...





विचार पेज
04 अरावली पर अब पूर्ण विराम...













**विकास के लिए 45 सालों का इंतजार खत्म**

**आजाद भारत में भी लाल आतंक के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए थे ग्रामीण**

# नक्सल राजधानी कावड़गांव का टूटा तिलस्म, 45 सालों से अबूझ थे लोग, अब मिली पहचान, राशनकार्ड, वोटर कार्ड और आधार नंबर अलॉट

राजेश दास ▸▸| जगदलपुर

**अलग खबर**

नक्सलियों की राजधानी गंगालूर का गांव कावड़गांव...बीते 45 साल तक बंदूकों के साये में खून खराबे के बीच यहां के बाशिंदों की जिंदगी किसी नरक से कम नहीं थी। आजाद भारत में भी वे लाल आतंक की गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहे। उन्हें ना तो शहर आने की अनुमति थी, ना ही शहर के लोगों को उस गांव तक जाने की अनुमति। इस इलाके में नक्सली अपनी सरकार चलाते थे, वे खुद लोकतंत्र को नहीं मानते थे और ग्रामीणों को भी लोकतंत्र से दूर रखा करते थे, परंतु अब ग्रामीणों का 45 वर्षों का इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले गंगालूर इलाके का कावड़गांव अब ▸▸|शेष पेज 7 पर



### राशन के लिए 30 किमी का सफर करते थे

*प्रशासन द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों के राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जो कभी घर के खपरैल में या मिट्टी के बर्तनों में पैसे रखा करते थे। उन सभी ग्रामीणों के बैंक अकाउंट भी खोले जा रहे हैं, अब इस इलाके के ग्रामीण 45 सालों के बाद सरकार की मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं। शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। गांव में अब स्कूल आंगनबाड़ी, राशन दुकान, सड़क,* ▸▸|शेष पेज 7 पर

### शासन प्रशासन की पहल ला रही रंग

*माओवाद के चलते वर्षों गंगालूर इलाके में विकास कार्य रुका हुआ था, लेकिन अब शासन प्रशासन की पहल से गांव में विकास के साथ ही लोगों को पहचान के साथ रोजगार व योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो चुका है। जल्द ही नक्सल प्रभाव के चलते विकास से अवरुद्ध व प्रभावित सभी ग्रामों में सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो चुका है।*

***-सुंदरराज पट्टलिंगम,*** *आईजी, बस्तर*

### पांच दशक से आईईडी के धमाकों से गूंजता था कावड़गांव

गौरतलब है कि कावड़गांव 45 बरस तक माओवाद के चंगुल में जकड़ा हुआ था। आए दिन होने वाले आईईडी धमाकों की गूंज ने यहां के ग्रामीणों के दिलों में ऐसा भय भर दिया था और उन्हें सुख, शांति और निडर होकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हुए जीवन जीना मानो एक अधूरा सपना बनकर रह गया था। हर रात अनजाने डर के साथ उतरती थी और सन्नाटे की चादर गांव को घेर लेती थी। लेकिन नियद-नेल्लानार ग्राम में सम्मिलित होने के बाद कावड़गांव फिर से ▸▸|शेष पेज 7 पर

### नक्सल प्रभाव के चलते प्रशासन की पहुंच से था दूर

बीजापुर विकासखंड के अंतर्गत नियद-नेल्लानार ग्राम के कावड़गांव में पहले माओवाद के प्रभाव के कारण प्रशासनिक योजनाओं का क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता था। लेकिन अब शिविर लगाकर गांव के सभी परिवारों के शत-प्रतिशत जॉब कार्ड बनाये जा चुके हैं। आज गांव में स्कूल भवन, उचित मूल्य की ▸▸|शेष पेज 7 पर

---


**चौथी कक्षा की परीक्षा का मामला**

# रायपुर सहित चार जिलों में बंटे विवादास्पद प्रश्नपत्र महासमुंद डीईओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला चौथी कक्षा की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पूछे गए आपत्तिजनक सवाल का है। इंग्लिश के प्रश्नपत्र में छात्रों से बहुविकल्पीय प्रश्नों के अंतर्गत पूछे गए सवालों में एक प्रश्न पूछा गया- मोना के कुत्ते का नाम क्या है? इसके विकल्प में अन्य नामों के साथ राम का नाम भी शामिल था। बाद में महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर विकल्प के रूप में राम नाम को विलोपित कर टॉमी पढ़े जाने का आदेश दिया गया था। विवाद बढ़ने के बाद कई स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन हुए। आपत्तिजनक प्रश्नपत्र केवल महासमुंद में नहीं बल्कि पूरे रायपुर शिक्षा संभाग में बंटे हैं। रायपुर शिक्षा संभाग के ▸▸|शेष पेज 7 पर


विकल्प में 'राम' का नाम आपत्ति के बाद विलोपित

### यह है नोटिस में

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शालाओं के अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्धारण, मुद्रण एवं वितरण की समस्त जवाबदारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की है, फिर भी आपके जिले अंतर्गत प्रश्न पत्रों को तैयार करने में गंभीर लापरवाही की गई है, जिसके कारण कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में पूछे गये प्रश्न में कुत्ते के नाम के विकल्प के रूप में हिन्दु धर्म के आराध्य देव भगवान राम का नाम सम्मिलित किया गया है, जो कि बहुत ही आपत्ति जनक, निंदनीय एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, जिससे शासन एवं विभाग की छवि धूमिल हुई है। आपका उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है, जो छग सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार है। उक्त संबंध में आप पर क्यों कार्रवाई ना की जाए, यह स्पष्ट करें।

---

**छापेमारी के दौरान ममता उठा ले गईं फाइल, ईडी कोर्ट पहुंचा**

# विस चुनाव से पहले प. बंगाल में ईडी की स्ट्राइक, कोलकाता से दिल्ली तक खलबली

*पश्चिम बंगाल की सियासत में गुरुवार को नया खेला हो गया। ईडी ने जब तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनावी बिसात बिछाने वाली कंपनी आई-पैक (इंडियन पोलॉटिकल एक्शन कमेटी) के दफ्तरों पर दस्तक दी, तो कोलकाता से लेकर दिल्ली तक खलबली मच गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नींद उड़ गई है। वह गुस्से से लाल हो गई और केंद्र सरकार पर जमकर हमला कीं। इस बीच, ईडी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोलकाता

विधानसभा चुनावों की दहलीज पर खड़े बंगाल में आई-पैक के चीफ प्रतीक जैन के घर पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की रेड को लेकर तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी में ठनती दिख रही है। प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की सूचना पर ममता बनर्जी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां से गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया। ममता बनर्जी ने चिर परिचित अंदाज में हमला बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह को नॉटी होम मिनिस्टर भी कहा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी से छापेमारी करवाकर बीजेपी ने तृणमूल की चुनावी रणनीति को चोरी किया।

- **आई-पैक ने ईडी के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की याचिका**

ममता बनर्जी यहीं पर नहीं रुकीं उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि वह अपने गृह मंत्री को काबू में रखें। बंगाल में मार्च-अप्रैल में चुनाव होने हैं, तो वहीं दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के खिलाफ आई-पैक ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। तो वहीं दूसरी ईडी ने कहा है कि बंगाल में कोयला तस्करी से जुड़े ▸▸|शेष पेज 7 पर

**मुख्यमंत्री ममता ने केंद्रीय मंत्री शाह पर बोला हमला**

### बंगाल पुलिस ने ईडी पर दर्ज की एफआईआर

पश्चिम बंगाल पुलिस ने कथित तौर पर जबरन घुसने और आपराधिक धमकी देने के आरोप में ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल पुलिस कथित तौर पर जबरन घुसने और आपराधिक धमकी देने में शामिल ईडी अधिकारियों को गिरफ्तार कर सकती है। संदेशखाली मामले में भी बंगाल पुलिस ने ईडी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### मामला हाईकोर्ट पहुंचा, आज सुनवाई

सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उधर, आई-पैक ने भी सर्च की वैधता को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी। वहीं, प्रतीक जैन के परिवार ने शेक्सपीयर सरानी पुलिस स्टेशन में ईडी अधिकारियों के खिलाफ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत कराने का फैसला किया है।



### ईडी का आरोप, रेड में घुसकर ममता ले गईं सबूत

मामले ने तब बेहद गंभीर मोड़ ले लिया जब ईडी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जांच में सीधे तौर पर बाधा डालने और सबूत मिटाने का बड़ा आरोप लगाया। एजेंसी का दावा है कि छापेमारी शांतिपूर्ण चल रही थी, लेकिन तभी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारी पुलिस बल के साथ प्रतीक जैन के आवास और आई-पैक के कार्यालय पहुंचीं। आरोप है कि उन्होंने वहां से जबरन अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने कब्जे में ले लिए।

### क्या है मामला

ईडी ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रतीक जैन के घर और ऑफिस में छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आई-पैक के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ईडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

---

# जंबूरी के लिए 8000 से अधिक प्रतिभागी पहुंचे बालोद सभी विवाद बेअसर हुए


विवादों के बीच जंबूरी 9 से, आयुक्त बोले- बृजमोहन नहीं, मौजूदा शिक्षामंत्री यादव हैं परिषद के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बालोद में शुक्रवार से शुरू होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के लिए गुरूवार की रात तक 27 राज्य, केन्द्र शासित प्रदेशों से 8000 से अधिक प्रतिभागी जंबूरी स्थल पर पहुंच चुके हैं। यहां कुल 15 हजार रोवर, रेंजर एवं सीनियर स्काउट गाइड शामिल होने की संभावना है। गुरूवार शाम तक प्रतिभागियों के आने का क्रम लगातार जारी था, जिनके पंजीयन का क्रम चल रहा था। जंबूरी की तैयारियों में आयोजन को लेकर उठे विवाद का कोई असर नहीं रहा। तैयारियां लगातार चलती रही और गुरूवार को अंतिम रूप दे दिया गया। जंबूरी को ▸▸|शेष पेज 7 पर

- **सीएम साय होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि**

### अन्य देशों से भी आएंगे प्रतिभागी

13 जनवरी तक चलने वाला यह आयोजन देश में पहली बार आयोजित होने जा रहा है। इस प्रथम नेशनल रोवर, रेंजर जंबूरी में छत्तीसगढ़ राज्य के 04 हजार 252 रोवर रेंजर सहित देश विदेश के कुल 15 हजार रोवर, रेंजर एवं सीनियर स्काउट गाइड शामिल होंगे। इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के अलावा अन्य देशों से आए रोवर, रेंजर के द्वारा भव्य एवं रंगारंग ▸▸|शेष पेज 7 पर

### होंगी विविध गतिविधियां

इस 05 दिवसीय आयोजन के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर मार्च पास्ट एवं क्लोजिंग सेरेमनी के अलावा एथेनिक फैशन शो, एडवेंचर एरिया, वॉटर स्पोर्ट्स, उप शिविर गतिविधियां, ओवरनाइट हाइक, बौद्धिक गतिविधियां, कैंप फायर, रोड कैम्प फायर, राज्य प्रदर्शनी, कैंप क्राफ्ट, आदिवासी कार्निवल, स्टेट गेट, राष्ट्रीय युथ डे, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, मास ट्री प्लांटेशन, मार्च पास्ट, आपदा प्रबंधन, बैंड प्रतियोगिता, कलर पार्टी, युवा सांसद, फॉक डांस, बैकवुडमेनें कुक, क्विज प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

---

# अब भारत पर '50' से सीधे '500' फीसदी टैरिफ लगाने पर आमादा डोनाल्ड ट्रंप!

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पहले से 50 फीसदी टैरिफ की मार झेल रहे भारत के लिए आने वाला समय और अधिक मुश्किलों से भरा हो सकता है। क्योंकि अब अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दाम पर तेल खरीदने वाले भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को बेहद कड़े अंदाज में सजा देने के लिए सीधे '500 फीसदी' तक टैरिफ लगाने का मन बना लिया है। बीते बुधवार को उन्होंने अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम के साथ हुई एक बैठक में टैरिफ को 500 फीसदी तक करने से जुड़े ▸▸|शेष पेज 7 पर



### नए साल पर दिया था संकेत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए साल-2026 के मौके पर फ्लोरिडा से एयरफोर्स वन विमान में लौटते वक्त पत्रकारों से बातचीत में भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में जल्द ही एक बार फिर से भारी बढ़ोतरी करने का चेतावनी के साथ संकेत दे दिया था। जिसे अब वो इस विधेयक के जरिए जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने जा रहे हैं।

### अमेरिका द्वारा जब्त रूसी टैंकर के चालक दल में तीन भारतीय

**मॉस्को।** अमेरिका द्वारा जब्त किए गए रूसी तेल टैंकर 'मैरिनेरा' के चालक दल के सदस्यों में तीन भारतीय भी शामिल हैं। इस बीच, रूस ने इस घटना पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त करते हुए अमेरिका से समुद्री नौवहन की स्वतंत्रता से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करने की मांग की। रूस ने इसी के साथ अमेरिका की 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। रूस के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी तटरक्षक बल द्वारा जब्त किये गये मेरिनेरा टैंकर के चालक दल के सदस्यों के साथ मानवीय व्यवहार की मांग की।

---

**हाईकोर्ट ने कहा-गर्भावस्था जारी रखने नहीं कर सकते मजबूर**

# अबॉर्शन के लिए पति से सहमति लेना जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

चौदह हफ्ते के गर्भ को गिराने पर पति द्वारा दर्ज कराए गए एक आपराधिक मामले में महिला को बरी करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर करना उसके 'अपने शरीर पर हक' का उल्लंघन और मानसिक आघात बढ़ाने वाला कदम है। महिला अपने पति से अलग रह रही है। वैवाहिक कलह की स्थिति में गर्भपात कराने के महिला के स्वायत्त अधिकार पर जोर देते हुए, न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि इस मामले यह नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता पत्नी ने भादंसं की धारा 312 (गर्भपात कराना) के तहत अपराध किया है। न्यायाधीश ने कहा कि चयन की स्वतंत्रता व्यक्तिगत स्वायत्तता का एक पहलू है और प्रजनन पर नियंत्रण सभी महिलाओं की एक बुनियादी आवश्यकता और अधिकार है। उच्च न्यायालय ने कहा कि चिकित्सा गर्भपात अधिनियम के तहत गर्भवती महिला के लिए गर्भपात वास्ते पति की अनुमति लेना जरूरी नहीं है। उच्च न्यायालय ने छह जनवरी को अपने फैसले में कहा, ''यदि कोई महिला गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती है, तो उसे ऐसा करने के लिए मजबूर करना अपने शरीर पर उसके अपने हक का उल्लंघन है और यह उसके मानसिक आघात को बढ़ाता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा।




### महिला ने दी थी चुनौती

याचिकाकर्ता महिला ने सत्र अदालत के उस आदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें उसे भादंसं की धारा 312 के तहत मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेशी के लिए तलब किये जाने पर मुहर लगायी गयी थी। उसने तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वायत्तता की उसे जो गारंटी दी गयी है उसे अपराधी की श्रेणी में डाल दिया गया है तथा निजता, शरीर पर खुद का अधिकार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के उसके वैध इस्तेमाल की अनदेखी की गई है।

### पति ने दिया था यह तर्क

*पति ने तर्क दिया कि चूंकि गर्भपात की तारीख पर दंपति साथ रह रहे थे और इसलिए उनके बीच कोई वैवाहिक कलह नहीं थी, इसलिए एमटीपी अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस तर्क को खारिज कर दिया और कहा कि वैवाहिक कलह को इस तरह से परिभाषित नहीं किया जा सकता कि यह केवल पक्षों के अलग होने और मुकदमेबाजी में जाने के बाद ही मौजूद हो।*



# आज रिलीज होगी प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब' को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब' के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# सारा

## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलपति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।



हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं। उन्होंने आगे कहा 'यह बहुत अच्छा था, मेरा तलाक हो रहा था और फिर मुझे नौकरी से निकाल दिया गया।'




# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि 'धुरंधर 2' की वजह से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। 'धुरंधर 2' इसी साल 19 मार्च को रिलीज होगी।



टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।



डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवींनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर 25 वर्षों का अनुभव 11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण यानी हाउसिंग और हाउसलिस्टिंग की समय-सीमा को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया। इसके तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह प्रक्रिया इस साल 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस अवधि के दौरान अपनी सुविधानुसार 30 दिनों का समय तय करेंगे। इस अधिसूचना के साथ ही 7 जनवरी 2020 की पिछली अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया है, हालांकि उससे पहले किए गए कार्यों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह जनगणना दुनिया का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास मानी जा रही है।

पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक, अधिसूचना जारी, 30 लाख कर्मी करेंगे डेटा संग्रह

# देश की पहली डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया शुरू, टाइमलाइन घोषित

**आत्म-गणना का विकल्प :** अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनगणना 2027 में नागरिकों को सेल्फ-एन्यूमरेशन यानी स्वयं विवरण भरने का विकल्प मिलेगा। यह प्रक्रिया संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में 30 दिवसीय घर-घर जाकर होने वाली हाउसलिस्टिंग से ठीक पहले 15 दिनों की अवधि में पूरी की जाएगी। नागरिक इस दौरान जनगणना ऐप या पोर्टल के माध्यम से स्वयं जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

**बेहतर डेटा और ''सेंसस-एज-ए-सर्विस'**

सरकार ने हाल ही में कहा है कि इस बार जनगणना के आंकड़ों का प्रकाशन अधिक पारदर्शी और यूजर-फ्रेंडली होगा। नीति-निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक आंकड़े एक क्लिक पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत 'सेंसस-एज-ए-सर्विस' (कास) मॉडल अपनाया जाएगा, जिससे विभिन्न मंत्रालयों को स्वच्छ, मशीन-रीडेबल और उपयोगी डेटा उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**घर-घर जाकर होगी गणना :** जनगणना प्रक्रिया के तहत प्रत्येक परिवार से अलग-अलग प्रश्नावलियों के जरिए हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना तथा जनसंख्या गणना की जाएगी। आमतौर पर सरकारी शिक्षक और अन्य नामित कर्मचारी, जिन्हें राज्य सरकारें नियुक्त करती हैं, वे अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ यह गणना कार्य करेंगे।

लद्दाख कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के कुछ इलाकों के लिए अलग प्रावधान

## नागरिकों को सेल्फ-एन्यूमरेशन यानी स्वयं विवरण भरने का मिलेगा विकल्प




### दो चरणों में होगी जनगणना

कोविड-19 महामारी के कारण टल गई जनगणना 2021 के बाद, अब 2027 की जनगणना करने की यह कवायद दो चरणों में संपन्न की जाएगी- अप्रैल से सितंबर 2026 तक घरों की सूची बनाना और आवास गणना, और फरवरी 2027 में आबादी की गणना। यह पूरी प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से 28 फरवरी 2027 तक चलेगी। जनगणना के लिए 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि (00:00 बजे) को संदर्भ तिथि माना जाएगा। हालांकि, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश, बर्फीले क्षेत्र तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ गैर-समानांतर इलाकों के लिए अलग प्रावधान किए गए हैं।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- जनगणना 2027 भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी।
- डेटा कलेक्शन के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा
- निगरानी के लिए केंद्रीय पोर्टल विकसित किया गया है
- लगभग 30 लाख फील्ड फंक्शनरी इस प्रक्रिया में होंगे शामिल

---

हमलावरों ने पीछा कर कार में अंधाधुंध फायरिंग की मौत के घाट उतारा

ईरान में आर्थिक संकट के चलते हो रहे विरोध प्रदर्शनों से कानून-व्यवस्था और खराब

इस हत्याकांड की जिम्मेदारी जैश अल-अदल संगठन ने ली

# ईरान में बिगड़े हालात, दो दिन में दूसरे पुलिस अफसर की हत्या

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में आर्थिक संकट के चलते हो रहे विरोध प्रदर्शनों से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें सिस्तान और बलूचिस्तान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिसकर्मी को मार डाला। यह तब हुआ है जब ईरान पहले ही सकट में घिरा है और कई शहरों में लोग जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार विरोधी प्रदर्शन ईरान के 31 में से कम से कम 25 प्रांतों में फैल गए हैं, जिसमें सुरक्षा बलों के जवानों सहित दर्जनों लोग मारे गए हैं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि अज्ञात हमलावर एक पुलिस कार पर तब तक गोलियां चलाता है जब तक कि वह सड़क से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त नहीं हो गई। यह वीडियो हमलावर की गाड़ी से शूट किया गया है, जिसमें वह खिड़की से बाहर झुका हुआ दिख रहा है और सिर्फ बंदूक की नोक दिखाई दे रही है और वह लगातार पुलिस कार पर गोलियां चला रहा है।



### निशाने पर है धार्मिक शासन

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारे गए पुलिसकर्मी की पहचान महमूद हकीकत के रूप में हुई है। वाना न्यूज एजेंसी के अनुसार, आतंकवादी संगठन जैश अल-अदल, जो खुद को बलूच अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ज्यादा अधिकारों की मांग करने वाला बताता है, ने कथित तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस सुन्नी आतंकवादी समूह ने हाल ही में ईरान के धार्मिक शासन को निशाना बनाने के लिए एक नया गठबंधन बनाने के लिए कई छोटे बलूच अर्धसैनिक समूहों के साथ हाथ मिलाया है।

### सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा

ईरान से इस तरह के वीडियो भी सामने आए हैं जहां प्रदर्शनकारी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली ईरान की इस्लामी सरकार के खिलाफ मार्च करते और 'जब तक मुल्ला को दफनाया नहीं जाता, यह वतन आजाद नहीं होगा' और 'मुल्लाओं को ईरान छोड़ देना चाहिए' जैसे नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन शुरू होने के बाद से 30 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### पूरे ईरान में फैले प्रदर्शन

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, राजधानी तेहरान के पास हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई चाकूबाजी में एक और ईरानी पुलिस अधिकारी की मौत हो चुकी है। देश में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी है। प्रदर्शन पिछले महीने तेहरान के सदियों पुराने ग्रैंड बाजार में शुरू हुए थे, जहां दुकानदारों ने ईरान की रियाल मुद्रा में भारी गिरावट के विरोध में अपने कारोबार बंद कर दिए थे। तब से, आर्थिक स्थिति बिगड़ने, पश्चिमी प्रतिबंधों, कुप्रबंधन और राजनीतिक और सामाजिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों को लेकर जनता के गुस्से के कारण प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए हैं।



### देश छोड़ने जा रहे बड़े नेता

*ईरान में गहराते आर्थिक संकट और देशभर में भड़कते विरोध प्रदर्शनों के बीच अब सत्ता के शीर्ष स्तर पर भी बेचैनी साफ दिखने लगी है। फ्रांस के प्रतिष्ठित अख़बार ले फिगारो ने ईरानी-फ्रांसीसी पत्रकार इमैनुएल रजावी के हवाले से दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में ईरान के सुधारवादी गुट से जुड़े कई बड़े नेता यहां तक कि संसद (इस्लामिक असेंबली) के अध्यक्ष भी अपने परिवारों के लिए फ्रांसीसी वीज़ा हासिल करने की कोशिश में लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन नेताओं ने पेरिस में एक वकील के जरिए वीजा प्रक्रिया शुरू की है।*

---

16 दिसंबर की है घटना

# नाबालिग निशानेबाज से रेप का आरोप, नेशनल कोच सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक नाबालिग महिला निशानेबाज ने राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच अंकुश भारद्वाज पर रेप का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसके खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। इस बीच नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आरोपी कोच को जांच होने तक सस्पेंड कर दिया है। भारद्वाज एसोसिएशन द्वारा नियुक्त 13 नेशनल पिस्टल कोच में से एक है। आरोप के मुताबिक कोच ने 'परफॉर्मेंस इवैल्युएशन' के नाम पर पीड़ित को फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित एक होटल के कमरे में बुलाया और वहां उससे रेप किया। उसने पीड़ित को धमकी दी कि अगर वह इसके बारे में किसो को भी जानकारी देगी तो उसका करियर बर्बाद कर देगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएंगा।



### यह है मामला

एफआईआर के मुताबिक घटना 16 दिसंबर को हुई। उस वक्त दिल्ली के डॉक्टर करनी सिंह शूटिंग रेंज में एक राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाजी प्रतियोगिता चल रही थी। एफआईआर के मुताबिक, कोच ने शुरुआत में पीड़ित से होटल की लॉबी में मिलने को कहा था लेकिन बाद में उसने परफॉर्मेंस इवैल्युएशन के नाम पर निशानेबाज पर होटल के कमरे में चलने का दबाव डाला।

### पॉक्सो के तहत केस दर्ज

बाद में पीड़ित ने जब अपने परिवार को इस बारे में जानकारी दी तब उन्होंने मंगलवार को फरीदाबाद के एनआईटी महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई। अंकुश भारद्वाज के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धारा 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (1) के तहत केस दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। उसने संबंधित होटल से घटना वाले दिन के सभी सीसीटीवी फुटेज मांगा है। अभी कोच की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

---

# महज 24 घंटे में बनाई 29 किमी सड़क बन गया 2 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ तेलंगाना

आंध्र प्रदेश में सड़क निर्माण के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। बुधवार को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-544जी) के निर्माण के दौरान दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत महज 24 घंटे में 28.95 लेन-किलोमीटर सड़क निर्माण और 10,675 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का रिकॉर्ड बनाया गया। ये उपलब्धि प्राइवेट कंपनी राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हासिल की गई। नायडू ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय केंद्र सरकार के विजन और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि ये रिकॉर्ड एनएचएआई के सख्त गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह पालन करते हुए हासिल किया गया है, जिसमें इंजीनियरों, मजदूरों और ग्राउंड स्टाफ की असाधारण मेहनत और समर्पण शामिल है।

### आंध्र प्रदेश में रचा इतिहास



### दो और गिरीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि आंध्र प्रदेश में इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पैकेज-2 और पैकेज-3 पर काम कर रही टीमें 11 जनवरी तक दो और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने सभी टीमों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

---

श्रीमाता वैष्णो बोर्ड की यूनिवर्सिटी में अनियमितता का मामला

# मेडिकल कॉलेज की अनुमति रद्द करना न्याय की जीत : मनकोटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/कटरा

श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति के कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें पिछले 45 दिनों से चल रहे घटनाक्रम तथा नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा लिए गए हालिया निर्णय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत समिति के संयोजक कर्नल सुखवीर सिंह मनकोटिया के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संघर्ष समिति ने आंदोलन की सफलता और आगामी रणनीति पर अपना पक्ष रखा। मीडिया को संबोधित करते हुए कर्नल मनकोटिया ने कहा कि 45 दिनों तक चले इस जनआंदोलन को आम जनता तक पहुँचाने और उसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में मीडिया ने सेतु की भूमिका निभाई।



*केंद्र में है संवेदनशील सरकार : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए मनकोटिया ने कहा कि श्राइन बोर्ड की यूनिवर्सिटी में पाई गई अनियमितताओं के चलते मेडिकल कॉलेज की अनुमति रद्द करना न्याय की जीत है। केंद्र में एक संवेदनशील सरकार है, जो करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और जनभावनाओं का सम्मान करना जानती है। संघर्ष समिति ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से अपील की कि वे श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को स्पष्ट निर्देश जारी करें, जिससे भविष्य में संस्थान के भीतर सनातन धर्म की परंपराओं और संस्कृति का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर परशोतम दधीचि ने आंदोलन के वैचारिक पक्ष को रखते हुए कहा कि समिति ने पूरे संघर्ष के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखी।*

### ये हुए बैठक में शामिल


इस बैठक और प्रेस वार्ता में प्रभात सिंह, अक्षय कुमार, अरुण गुप्ता, शिल्पी वर्मा, संजय गुप्ता, आरके चिब्बर, एडवोकेट दीपक शर्मा, एडवोकेट बलदेव सिंह, सरदार करण सिंह वजीर, सीएम सेठ, दीपक गुप्ता, अक्षी बिल्लोड़िया, प्रीति चौधरी, अभिषेक गुप्ता, सुभाष जंडियाल, सुशांत शर्मा, कार्तिक सूदन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




---

वैज्ञानिकों ने बनाया, 'स्लीप एफएम' नामक मॉडल

# एआई ने इंसान की नींद से 130 बीमारी पहचानी




एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी समेत कई संस्थानों के वैज्ञानिकों ने मिलकर 'स्लीप एफएम' नाम का आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस मॉडल (एआई) बनाया है। 'नेचर मेडिसिन' में पब्लिश रिसर्च के मुताबिक ये मॉडल इंसान की एक रात की नींद के आधार पर 130 बीमारियों के जोखिम की भविष्यवाणी कर सकता है। एआई मॉडल की भविष्यवाणी की सी-इंडेक्स पर सटीकता 0.75 से अधिक आई है। सरल शब्दों में 75% से ज्यादा सटीक रही है। किसी भी वजह से मृत्यु के जोखिम का पूर्वानुमान भी इनमें शामिल है। स्लीप एफएम पीएसजी (पॉलीसोम्नोग्राफी) डेटा के आधार पर बीमारी का जोखिम बताता है। इसे 65 हजार लोगों के 5.85 लाख घंटे से ज्यादा के पीएसजी रिकॉर्ड के जरिए ट्रेंड किया गया है। इनका हेल्थ रिकॉर्ड स्टैनफर्ड के स्लीप क्लीनिक से लिया। रिसर्चस के मुताबिक रिकॉर्ड में एक हजार से ज्यादा बीमारियों की श्रेणियां थीं। इनमें से 130 की भविष्यवाणी नींद के डेटा के आधार पर सटीकता के साथ की गई।



## चिंतन

# दबाव की रणनीति पर उतरे खिसियाए ट्रंप

वर्तमान समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, भारत सरकार उसका बहुत ही सूझबूझ और संयमित तरीके से जवाब दे रही है। चाहे वह टैरिफ की बात हो, रूस से तेल खरीदने का मामला हो या पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप द्वारा किए गए दावे का। लगता है इससे ट्रंप खिसिया गए हैं और बेतुकी बयानबाजी पर उतर आए हैं। ऐसी भाषा एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर अशोभनीय है। दो राष्ट्राध्यक्षों या राजनयिकों के बीच वार्ता बेहद गुप्त होती है। इसे कभी भी, किसी भी रूप से उछाला नहीं जा सकता। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात बेहद शालीनता और कूटनीति को दर्शाती है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर की जा रही बयानबाजी किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है। ऐसी भाषा न तो राजनयिक रूप से ठीक है और न ही एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर। इसे अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार भी नहीं माना जा सकता। एक शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर ऐसी भाषा न तो देश के हित में होती है और न ही लोगों के हित में सही कही जा सकती है। बता दें कि ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाक़ात के लिए पूछा था कि सर, प्लीज़ क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। मैंने हां कहा, क्योंकि मेरे उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप के इस बयान पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस भाषा में बात की होगी? हालांकि भारत ने इस पर भी बेहद संयम बरता। इससे खिसियाए ट्रंप दबाव की रणनीति पर उतर आए हैं। हालांकि जर्मनी के एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार फोन पर बात करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की तरफ से ट्रंप की फोन कॉल का कोई उत्तर नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट उस समय आई थी, जब ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया था। दरअसल, पहले ही भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप चुके ट्रंप ने अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर दबाव बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन रूसी तेल खरीदने से वे नाराज हैं। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि मोदी जानते हैं कि मुझे खुश रखना जरूरी है। हम भारत पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने ऐसे एक बिल को समर्थन दिया है। यह बिल जल्दी ही कांग्रेस में वोटिंग के लिए आ सकता है। अगर यह बिल कानून बन गया तो भारत के अमेरिका निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। इससे भारतीय सामान अमेरिका में बहुत महंगा हो जाएगा। इससे दोनों देशों के मध्य व्यापार को नुकसान होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि भारत ने रूसी तेल आयात कम किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते दिसंबर माह में आयात काफी गिर गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ट्रंप की भाषा अक्सर कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार के खिलाफ रहती है, क्योंकि वह अपने बयानों में आक्रामक, अनौपचारिक और व्यक्तिगत होते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, लेकिन भारत सरकार ऐसे में बहुत ही सोच-समझकर निर्णय ले रही है। ऐसे में ट्रंप को भी समझना चाहिए कि वह अपनी अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाएं, क्योंकि ऐसी बयानबाजी राष्ट्र और लोगों के हित में नहीं होती है।

## मुद्दा

बाल मुकुन्द ओझा



# कुत्तों का मूड नहीं, इंसानों की जान मायने रखती है

देश की सर्वोच्च अदालत आजकल डॉगलवर और डॉगहेटर की सुनवाई में व्यस्त है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मसला केवल कुत्तों के काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से भी जुड़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। अदालत में कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प और अनूठी बहस सुनने को मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यह नहीं पढ़ा जा सकता कि कोई कुत्ता कब काटने के मूड में है और कब नहीं। बहस के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्ते सड़कों पर नहीं होते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ने नाराज होते हुए कहा कि लगता है आपकी जानकारी पुरानी है। अदालत ने माना कि किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना संभव नहीं है कि कोई कुत्ता कब शांत रहेगा और कब अचानक आक्रामक हो सकता है। कुत्तों पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी रही।

गौरतलब है 7 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तर और खेल परिसरों जैसे संवेदनशील स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में पिछले वर्ष कुत्तों के काटने के 37 लाख केस दर्ज हुए। इनमें 74 मौतें रेबीज से हुई। इस तरह दस हज़ार से अधिक लोग प्रतिदिन कुत्तों से काटने के शिकार हुए। हालांकि कोर्ट के फैसलों का जानवर प्रेमी लोगों ने विरोध किया है। देखा गया है कि देशभर के छोटे नगरों से लेकर बड़े मैट्रो शहरों में आवारा पशुओं के कातिलाना कहर की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियां बनती रहती हैं, फिर भी उन पर लगाम नहीं कसी जा रही। सही तो यह है कि आवारा पशुओं का यह मुद्दा हमें देखने में छोटा लगता है, लेकिन है बड़ा गंभीर। आवारा कुत्ते भी लोगों की नाक में कम दम नहीं करते। बच्चे तो उन के डर से घर से बाहर तक नहीं निकल पाते। अब तो शहरों में गाय, भैंस या सांड ही क्यों, बंदरों का खौफ भी देखा जा रहा है। अस्पतालों में कुत्तों के अलावा बंदरों के काटने के बहुत से मामले सामने आने लगे हैं। आवारा पशुओं की समस्या पूरे देश में विकराल रूप ले रही है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर हैं तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ गायों के झुंड विचरण करते मिल ही जाएंगे। इस कारण न केवल लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलती है। इन पशुओं से एक्सीडेंट की भी समस्या बढ़ रही है। गायों तथा सांडों के बड़े झुंड, बाजारों, गलियों, मुख्य सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम टहलते हुए राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। आवारा पशुओं की भरमार एवं उनके आतंक के कारण रहवासियों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। बाजार क्षेत्र सहित संकरी गलियों में कुत्तों, सांडों व आवारा पशुओं का निरंकुश होकर घूमना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इनके आपस में झगड़ने के कारण कई बुजुर्ग-महिलाएं एवं बच्चे भी इनकी चपेट में आने के कारण चोटिल हो जाते हैं। अक्सर खाद्य व सब्जी आदि की दुकानों पर भी यह मुंह मारते रहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहने से वहां आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। भयावह स्थिति तब बन जाती है, जब ये आवारा मवेशी मार्गों के किनारे लगे कचरे के ढेरों पर आपस में झगड़ते हैं।

कई बार तो बाजार क्षेत्र में भी इनके आपस में झगड़ने से यातायात बाधित होता है। दिन हो या रात, आवारा पशु सड़क पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को वाहन रोककर इन्हें हटाना पड़ता है, तब आगे का रास्ता खुलता है। आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरी क्षेत्रों के मुख्य बाजार और कॉलोनियां के मार्गों पर जाकर अठखेलियां करने लगते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं जिसके चलते प्रतिदिन कोई ना कोई दुर्घटना घटती रहती है। स्थिति रात के समय और भी घातक हो जाती है। इन आवारा पशुओं में से कुछ का रंग काला होने की वजह से किसी भी वाहन चालक के लिए दूर से इन्हें देख पाना बहुत मुश्किल होता है। कई वाहन चालक इनका शिकार बनकर मौत के मुंह में समा चुके हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अरावली पर अब पूर्ण विराम लगना चाहिए



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते साल 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर भारत का 'फेफड़ा' कहे जाने वाले अरावली पर्वतमाला के बारे में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अरावली पर्वतमाला के 100 मीटर से ऊंचे पहाड़ियों को ही इसका हिस्सा मानने संबंधी सिफारिश पर मुहर लगाने के बाद भारी खलबली मच गई। अरावली की नई परिभाषा को लेकर राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में व्यापक प्रतिक्रिया देखी गई। चूंकि उपरोक्त राज्यों के पर्यावरण से लेकर पारिस्थितिकीय तंत्र सीधे तौर पर लगभग 67 करोड़ वर्ष पुरानी 690 किलोमीटर तक फैले अरावली से जुड़ी हुई है लिहाजा पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता, आम लोग से लेकर राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर आंदोलन छेड़ दिया। इस जन आक्रोश का असर सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी दिखाई दिया। एक ओर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाले तीन जजों की पीठ ने 20 नवंबर के अपने ही फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे पर और जांच की जरूरत है। सुप्रीम अदालत ने अरावली की पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर बनी सभी समितियों की सिफारिशों के आंकलन के लिए एक नई उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मंशा व्यक्त करते हुए कहा आगामी 21 जनवरी को इस मामले की अगले सुनवाई की तिथि नियत की है। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने भी उत्तर भारतीय राज्यों में अरावली के नई परिभाषा के खिलाफ आंदोलन की धार के मद्देनजर फौरी तौर पर इस पर्वतीय क्षेत्र में किसी भी नई माइनिंग लीज देने पर पूरी तरह से रोक लगा दिया था।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा भले ही अरावली पर अपने ही फैसले पर 'अल्प विराम' लगा दिया गया हो लेकिन अरावली पर्वतमाला के विनाश से होने वाले पर्यावरणीय खतरे के मद्देनजर इस मामले पर अब 'पूर्ण विराम' लगना जरूरी है। विचारणीय है कि इस पर्वत श्रृंखला के नये परिभाषा के बाद अरावली इलाके के 100 मीटर से कम पहाड़ियों में खनन और निर्माण का दरवाजा खुल जाएगा जो पर्यावरण और परिस्थितिकीय तंत्र के लिए खतरा साबित होगा। पर्यावरणविदों के मुताबिक छोटी-छोटी झाड़ियों से ढंकी पहाड़ियां भी रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रिचार्ज और स्थानीय लोगों को रोजगार देने में सहायक है। गौरतलब है कि अरावली पर्वतमाला सिर्फ वन्य प्राणियों के लिए ही नहीं बल्कि इंसानी सभ्यता के लिए भी बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर सहित हरियाणा और पंजाब का अनेक इलाका जहां सर्दियों में वायु प्रदूषण के चलते धुंध के चादर में लिपटी होती है वहीं गर्मियों में धूलभरी आंधी से घिरी होती है। दिल्ली सहित अन्य इलाकों में खराब हवा और जीरो विजिबिलिटी के चलते जहां जनस्वास्थ्य पर भारी खतरा रहता है वहीं सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित होता है। गौरतलब है कि अरावली दिल्ली-एनसीआर की हवा को जहां साफ रखती है वहीं राजस्थान के रेगिस्तान से आने वाली धूल को भी रोकने में सहायक है। यह पर्वतमाला राजस्थान और हरियाणा में मरूस्थलीकरण को रोकने में सहायक है तो दूसरी ओर चंबल, साबरमती और लूनी जैसी नदियों का जलस्त्रोत है और भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक है। अरावली के इन्हीं खूबियों के चलते इसे उत्तर भारत का 'ग्रीन वॉल' भी कहा जाता है। बहरहाल उत्तर भारत का सांस लेने वाला यह फेफड़ा विकास की नई परिभाषा लिखने वाले नीति नियंताओं, खनन माफियाओं और रियल एस्टेट कारोबारियों के निशाने पर 1980 से ही है लेकिन जन प्रतिरोध के चलते उनके मंसूबे पूरे नहीं हो रहे हैं। अलबत्ता विनाश के बलबूते विकास का सपना देखने वालों के जिद्द के ज़द में सिर्फ अरावली ही नहीं बल्कि देश के और भी पहाड़ हैं। बीते एक दशक के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पहाड़ी इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की वजह से हजारों लोगों की मौतें हुई है तथा सैकड़ों हताहत हुए हैं वहीं अरबों रुपए का नुकसान भी हुआ है।



विचारणीय यह भी है कि पहाड़ों पर हो रहे अत्याचार के लिए केवल सरकार और मशीनरी ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम जनता भी समान रूप से जवाबदेह है जो मानव सभ्यता का कचरा पहाड़ों और नदियों पर डाल रहे हैं। पर्वतीय इलाकों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं फलस्वरूप पर्यावरण और ईकोसिस्टम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ 'हीलिंग हिमालय' के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप झील बनते हैं जो जलतांडव लाते हैं। लिहाजा हम कह सकते हैं कि पहाड़ों पर हो रहे आपदा कुदरती नहीं बल्कि इंसानी आपदा है और इसकी कीमत आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना होगा।

बीते दौर में सरकार और श्रद्धालुओं के बीच पहाड़ों के आस्था पर आघात को लेकर टकराव की स्थिति भी बनी है। साल 2019 में छत्तीसगढ़ के बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला पर्वतमाला के नंदराज पहाड़ को खनन लीज पर देने के खिलाफ यहां के जनजातीय समुदाय में तीव्र आक्रोश फैल गया और हजारों आदिवासियों ने इस पहाड़ को बचाने के लिए लंबा आंदोलन किया था। दरअसल आदिवासियों का मानना है कि इस पहाड़ पर उनके देवी-देवताओं का वास है और वे इसे किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं देंगे। इसी तरह साल 2023 में केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने संबंधी फैसले के विरोध में जैन समाज सड़कों पर उतर गया फलस्वरूप सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा।

गौरतलब है कि भारत के अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। पहाड़ हमेशा से पर्यटकों को बुलाते रहे हैं लेकिन अब इसकी दुश्वारियां सामने है फलस्वरूप पहाड़ों का सब्र टूटने लगा है। उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद वहां की सरकारों ने बिजली उत्पादन और पर्यटन उद्योग को अपने पहली प्राथमिकता में रखा जिसके चलते इस राज्य में पनबिजली परियोजनाओं और होटल-रिसॉर्ट निर्माण की बाढ़ आ गई है। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए 'ऑल वेदर रोड' का निर्माण भी शुरू कर दिया। इन योजनाओं के लिए केंद्र और सरकार सहित निर्माण कार्य में लगे एजेंसियों ने न तो पर्यावरण कानूनों की परवाह की और न ही पहाड़ों की सेहत और प्रकृति को विमर्श में लाया। आलम यह है कि पनबिजली घरों के लिए नदियों के अविरल प्रवाह को रोककर बांध और बैराज बनाए जा रहे हैं वहीं पहाड़ों को खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आवागमन और आवास की सुविधा के लिए पहाड़ों और पेड़ों को काटकर सड़कें, पुल, होटल, रिसॉर्ट और कृत्रिम पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं जिससे पहाड़ों का परिस्थिकीय तंत्र भी बिगड़ रहा है। जलविद्युत संयंत्रों और सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ों को खोखला कर कई किलोमीटर लंबाई वाले सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं और निर्माण के लिए दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है। नदियों में बेतहाशा रेत खनन हो रहा है, नदियों के मुहाने पर क्रशर प्लांट लगा दिया गया है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। पेड़ों के कटने, विस्फोट और ड्रिल मशीनों के कंपन से पहाड़ों की मिट्टी और चट्टान कमजोर होकर धसकने लगे हैं जिसके चलते इन क्षेत्रों में आपदाएं लगातार बढ़ रही है। बहरहाल भारत में पहाड़ विकास, पर्यावरण संरक्षण, आस्था और कानून के चौराहे पर खड़े हैं। सरकार और पर्यावरणविदों के पहाड़ों पर अपने-अपने दावे और वादे हैं। बिलाशक पर्यावरण और इकोसिस्टम के लिए पहाड़ जरूरी है लेकिन आर्थिक विकास और रोजगार के लिए भी पहाड़ जरूरी है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पहाड़ों के सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए ताकि पहाड़ों के अस्तित्व पर कोई संकट न आए। आखिरकार क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां जंगल न हो, पहाड़ न हो और नदियों का अविरल प्रवाह न हो ? बेशक इसके बिना इंसानी सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में है लिहाजा विकास के लिए प्रकृति को विमर्श में लाना ही होगा।

## उद्यमो भैरवः



संकलित

दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

*– संजय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एआई पर चर्चा



भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अमर्यादित टिप्पणी



नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा सदन में गुरु तेग बहादुर पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से मैं आहत हूं और इसकी कड़ी निंदा करती हूं। इस मर्यादाहीन टिप्पणी से सिख समाज के साथ-साथ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अपराधियों को संरक्षण



मेरठ में माँ की हत्या और बेटी को उठाकर ले जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुँच गयी है, वहाँ से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज़ खोल देंगे।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### युद्ध नशे के विरुद्ध



आज पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' सिर्फ़ नारा नहीं, ज़मीनी हकीकत है। पहले दूसरी पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा बेचते थे, कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करता था। आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सोमालिया को जारी सहायता निलंबित

अमेरिका ने सोमालिया की संघीय सरकार को दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता निलंबित कर दी है। विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि सोमाली अधिकारियों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक अमेरिकी वित्तपोषित गोदाम को ध्वस्त कर दिया और गरीब नागरिकों के लिए निर्धारित 76 मीट्रिक टन खाद्य सहायता जब्त कर ली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ट्रंप प्रशासन जीवनरक्षक सहायता की बर्बादी, चोरी और दुरुपयोग के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाता है। बयान में कहा गया, विदेश मंत्रालय ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी मौजूदा अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की बहाली इस बात पर निर्भर करेगी कि सोमाली संघीय सरकार अपने अस्वीकार्य कृत्यों की जिम्मेदारी लेती है और उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाती है। यह निलंबन ऐसे समय में किया गया है जब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में सोमाली शरणार्थियों और प्रवासियों की आलोचना तेज कर दी है। इसमें मिनेसोटा में बाल देखभाल केंद्रों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामलों को लेकर व्यापक रूप से प्रचारित करने के आरोप भी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# 2026 में दक्षिणी आकाश में होंगी कई खगोलीय घटनाएं



वर्ष 2026 में दक्षिणी आकाश में खगोलीय घटनाओं की भरमार रहेगी–अनुकूल समय पर पूर्ण चंद्रग्रहण, ब्लू मून और सुपरमून, दो सबसे चमकीले ग्रहों का एक–दूसरे के बेहद करीब आना और दिन के समय चंद्रमा के पीछे बृहस्पति का ओझल होना खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी घटनाएं सामान्य आंखों से देखी जा सकेंगी, यहां तक कि प्रकाश प्रदूषण वाले शहरों में भी। इन खास घटनाओं के अलावा, हर साल की तरह उल्का वर्षा और रात को तारामंडलों की परेड भी देखने को मिलेगी। हालांकि इन्हें ग्रामीण और अंधेरी जगहों से देखना बेहतर होता है, लेकिन इनमें से कई शहरों से भी दिखाई देंगी। वर्ष की कुछ प्रमुख खगोलीय घटनाओं का विवरण इस प्रकार है। मार्च, मई और दिसंबर में चंद्रमा की हलचल मंगलवार, तीन मार्च की शाम को चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करेगा और लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर चंद्रमा तक पहुंचाता है और यह प्रकाश लाल रंग का होता है–जो दुनिया भर के सूर्योदय और सूर्यास्त की आभा जैसा होता है।

# अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस समेत 66 वैश्विक संगठनों ने कहा 'बॉय-बॉय'

## अमेरिका ने भारत दिया जोर का झटका

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

टैरिफ को 50 से 500 फीसदी तक करने के साथ ही अमेरिका से भारत के लिए एक और परेशानी बढ़ाने वाली जानकारी सामने आई है। जिसमें ये पता चला है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-फ्रांस की अगुवाई वाले अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (आईएसए) सहित दुनिया के कुल 66 वैश्विक संगठनों से अमेरिका की भागीदारी को खत्म कर दिया है। बीते बुधवार को इस संबंध में उन्होंने एक आदेश (ज्ञापन) देने वाली घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें यह कहा गया है कि आईएसए को मिलाकर यह तमाम अंतरराष्ट्रीय संगठन अमेरिका विरोधी होने के साथ ही बेकार और फिजूलखर्ची वाले हैं।



इसी के चलते अमेरिका को इनसे बाहर निकल जाना चाहिए। 66 संगठनों में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्रीय निकाय और 31 संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से जुड़े हुए संगठन मुख्य रूप से शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ये संगठन कट्टरपंथी जलवायु नीतियों, वैश्विक प्रशासन और उन वैचारिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देते हैं। अमेरिका की संप्रभुता और आर्थिक ताकत के साथ टकराव में हैं। यह कदम उन वैश्विक संगठनों, समझौतों और संधियों की समीक्षा के बाद उठाया गया है। जिनमें या तो अमेरिका सदस्य के रूप में शामिल है या फिर उसकी भागीदारी एक पक्षकार के रूप में थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारत की तरफ से सूत्रों के हवाले से प्रतिक्रिया दी गई है।

### सदस्य देशों संग जारी आईएसए का कार्य

भारत में सूत्रों ने कहा कि सरकार ने मीडिया में मामले से जुड़ी खबरों पर ध्यान दिया है। जिनमें ये बताया गया है कि अमेरिका ने आईएसए सहित 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपनी भागीदारी खत्म कर ली है। अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस में वर्तमान में सदस्यों और हस्ताक्षरकर्ता देशों की कुल संख्या 125 है और यह संगठन सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करने के समान चुनौतियों के अपने लक्ष्यों पर संयुक्त रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिसमें तमाम सदस्यों की आवश्यकताओं के मद्देनजर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना शामिल है। क्योंकि इसी से वैश्विक ऊर्जा पहुंच को प्राप्त किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि ये संगठन लगातार अपने सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। खासतौर पर बहुत ही कम विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ आईएसए का कार्य जारी रहेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत




### प्रधानमंत्री मोदी ने की देश से जुड़ने की अपील कहा-तस्वीरें साझा करें

**नई दिल्ली।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गुरुवार से शुरू हो गया। यह ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इसके साथ ही पूरे वर्ष चलने वाले कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों और आयोजनों की शुरुआत होगी। पीएम नरेंद्र मोदी अपने गुजरात दौरे में 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेंगे। वह 10 जनवरी को गुजरात पहुंचेंगे।

# भारत के खिलाफ लगाई गई वीजा पाबंदियों को बांग्लादेश ने किया और अधिक सख्त

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद तेजी से बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अपनी वीजा पाबंदियों को और अधिक कड़ा कर दिया है। जिसके तहत अब उसके द्वारा बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर भारतीयों को दी जाने वाली सभी वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में मुंबई, गुवाहाटी और चेन्नई स्थित बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावासों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। गुरुवार को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव इन तमाम जगहों पर देखने को मिला। जिसके तहत दूतावासों में कामकाज तो हुआ। लेकिन उन्होंने इसके साथ ही भारतीयों के लिए अपनी सामान्य वीजा सेवाएं बंद रखीं। पड़ोसी देश के मीडिया में जारी खबरों के माध्यम से यह जानकारी मिली है। जिनके मुताबिक, नए प्रतिबंधों के तहत कोलकाता में बांग्लादेश ने अपने उप-उच्चायोग में काउंसलर और वीजा सेवाओं पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

■ बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर रद्द की गई सभी वीजा सेवाएं

# एनसीसी के मूल्यों के साथ सदैव राष्ट्र सेवा में जुटे रहें युवा कैडेटः वायुसेनाप्रमुख

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राजधानी के दिल्ली कैंट में लगाए गए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के मासिक गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने देश के अलग-अलग भागों से आए कोर के युवा कैडेटों को एनसीसी के मूल्यों के साथ हमेशा राष्ट्र की सेवा के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और विभिन्न सरकारी पहलों को बढ़ावा देने में कोर के कैडेटों की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 3497/न.पा.नि. / लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 07/01/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा निकाय के स्वास्थ्य शाखा में कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिकों / कर्मियों के नियोजन हेतु एजेंसी चयन बावत् राशि रू. 158.11 लाख के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183397) एवं महामाया कॉरिडोर निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 1116.82 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183395) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

## छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax),
E-Mail: dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/15531/877/मबावि/मि.वा./2025-26 रायपुर, दिनांक 05/01/2026

**-:: आंशिक संशोधन/शुद्धि पत्र ::-**

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना (केन्द्रांश 60: राज्यांश 40) के प्रावधानों एवं पदों की स्वीकृति, राज्य शासन से प्राप्त स्वीकृति के अनुक्रम में बाल देखरेख संस्थाओं को शासकीय संस्थाओं के रूप में संचालन हेतु योजना के क्रियान्वयन के लिये गैर शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 22/12/2025 को राज्य स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है। विज्ञापन में विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण रायगढ़ में सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर के 01 पद हेतु विज्ञापन लिपिकीय त्रुटिवश प्रकाशित हो गया है, शुद्धि पत्र सूचना जारी की जा रही है। अतः उक्त 01 पद पर भर्ती की कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण उक्त पद पर आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे। अतः

- **विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण रायगढ़ में सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर का 01 पद का विज्ञापन से विलोपित किया जाता है।**
- **जारी विज्ञापन अनुसार शेष बाल देखरेख संस्थाओं हेतु पदपूर्ती की कार्यवाही, नियुक्ति हेतु नियम/शर्ते पूर्व में जारी विज्ञापन दिनांक 22/12/2025 के अनुसार यथावत रहेगी।**

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-252605886/2

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
E-Mail ID-cmobodri@rediffmail.com Phone-07752-275329

क्रमांक/1863/निविदा/न.पा.प../2025-26 बोदरी दिनांक 05/01/2026

**// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

न.पा.प.बोदरी में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु (प्रतिशत दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेंडर क्रं. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 182997 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Bodri, Chhattisgarh (USOR 01.06.2020, PWD Building 01-01-2015 PWD Road 01.01.2025, Electrical SOR 01.06.2020, NON SOR) (लागत राशी 49.88 लाख) 1ST CALL (% RATE) | 05.01.2026 /17:00 बजे से | 27.01.2026 / 17:30 बजे तक | 30.01.2026 / 16:00 बजे तक | 30.01.2026 / 17:00 बजे से |

निविदा में भाग लेने वाले इच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/ www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।
-: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बोदरी**

## छ.ग. शासन वनविभाग बिलासपुर, वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| डिपो का नाम | - | विक्रय काष्ठागार कोटा |
| नीलाम दिनांक | - | 23/01/2026 |
| समय | - | 9.00 बजे प्रातः से |

**वनोंपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है :-**

| क्र. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली / खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो. टन |
| 1 | सागौन | 18.482 | 378 | - | 297.454 | 5566 | - | - | - |
| 2 | साल | 8.392 | 01 | - | 140.594 | 399 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 9.166 | - | - | 25.544 | 51 | - | - | - |
| 4 | साजा | 23.365 | 94 | - | 52.979 | 190 | - | - | - |
| 5 | अर्जुन | - | - | - | 7.450 | - | - | - | - |
| 6 | हल्दू / मुड़ी | 13.504 | 11 | - | 238.081 | 21 | - | - | - |
| 7 | खम्हार | 29.761 | 318 | - | 140.323 | 172 | - | - | - |
| 8 | धावड़ा | 6.636 | - | - | - | 186 | - | - | - |
| 9 | सलई | - | - | - | 1.923 | - | - | - | - |
| 10 | अन्य | 102.016 | 43 | - | 251.956 | 4756 | - | - | - |
| 11 | जलाऊ | - | - | 264.5 | - | - | 345.5 | - | - |
| 12 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | 17.092 | - | - | - | - |
| | योग -: | 211.322 | 845 | 264.5 | 1173.396 | 11341 | 345.5 | 1691 | 3.561 |

**टीपः-** (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
बिलासपुर वन मंडल बिलासपुर (छ.ग.)

G-252605890/4

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice,**
**Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO:50/PWD/Zone-1/2025 RAIPUR DATED:06/01/2026

Online bids are invited for the following works of works upto **30/01/2026 at 17:30 hours.**

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable Amount of contract (In Rupees) | Invite |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183393 | संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत सुखराम नगर में सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 30,00,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 2 | 183398 | संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत गेट नंबर 02 से कैलाश गिरी शिव मंदिर तक में सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 19,00,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 3 | 183403 | संत कबीर दास वार्ड क्र 03 अंतर्गत अम्मा आटा चक्की से राहुल पात्र भंडार वाली गली में सी सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 19,00,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 4 | 183412 | बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत शोलापुरी माता मंदिर से राम जानकी मंदिर तक नाली, पुलिया निर्माण कार्य | 18,44,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 5 | 183414 | बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत धनलक्ष्मी नगर में गुप्ता मेडिकल स्टोर्स से मकान नंबर 3391 तक सी सी नाली, पुलिया निर्माण कार्य | 35,00,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 6 | 183416 | बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत शोलापुरी माता मंदिर से कमल चौक तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 17,69,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 7 | 183418 | बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत कमल चौक से रामजानकी मंदिर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 19,13,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |
| 8 | 183419 | बंजारी माता वार्ड क्र 05 अंतर्गत दुर्गा मंदिर से रामजी पेट्रोल पंप तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 40,00,000.00 | प्रथम निविदा आमंत्रण |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **07.01.2026, 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE:** - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO. 1,
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्या. कवर्धा
जिला - कबीरधाम (छ.ग.), 07741-232328, FAX 232328, E-mail : jukawardha@gmail.com

**प्रबंधक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, बोड़ला में प्रबंधक के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 12/01/26 से दिनांक 11/02/26 तक, कार्यालयीन समय 10.00 से 5.30 बजे तक कार्यालय, प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, राजमहल चौक, कवर्धा में आमंत्रित की गई है।

प्रबंधक पद के लिये आवेदन हेतु अभ्यर्थी समिति, बोड़ला क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो जिसने नियुक्ति के पूर्व के 05 वर्ष में से कम से कम 03 वर्ष में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500-500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया हो। उक्त पद की भर्ती से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, योग्यता, आयु सीमा एवं अन्य अर्हता की समस्त जानकारी कार्यालयीन दिवस में जिला यूनियन, कार्यालय कवर्धा एवं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, बोड़ला कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक,
जिला लघु वनो. सह. यूनि. कवर्धा

S-46489/1

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक-1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 295/182127 | Construction of Part (G+4) Building at Physiotherapy College Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 92.55 लाख |
| 279/183300 | Pot Holes, Patch Repair Work to Various Road Under Sub Division No.-1, Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 49.96 लाख |

एन.आई.टी. क्र.279 सिस्टम टेन्डर नं. 183300 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.01.2026 समय सायं 5:30 बजे तकएवं एन.आई.टी. क्र.295 सिस्टम टेन्डर नं. 182127 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.01.2026 समय सायं 5:30 बजे तक।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मंडल क्रं-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252605906/3

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
ePocurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 183326 निविदा सूचना क्र. 09/वलेलि /2025-26, दिनांक 07.01.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 14.01.2026, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- : हसदेव नदी पर पाराडोल एनीकट का निर्माण कार्य।**
अनुमानित लागत :- **रू. 839.83 लाख (जी.एस.टी. छोड़ कर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **14.01.2026**, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः-**
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।
3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मनेन्द्रगढ़,
जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)

G-252605897/3

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**आवासीय एवं व्यवसायिक भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर**

बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026

सबके लिए आवास

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

**सेक्टर-12, फेस-II, नवा रायपुर, अटल नगर में सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र एवं प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल / सुपर बिल्टप एरिया(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिनि. एम. आई. जी. (स्वतंत्र) (2 बी.एच.के) | 1291.20 | 1249.02 | 1147.34 | 55.60 | 5.56 |
| 2. | जुनि. एम. आई. जी. - I (स्वतंत्र) (2 बी.एच.के) | 1119.04 | 1045.55 | 942.47 | 50.10 | 5.01 |
| 3. | जुनि. एम. आई. जी. (स्वतंत्र) (2 बी.एच.के) | 1049.10 | 981.85 | 882.43 | 45.70 | 4.57 |
| 4. | एच. आई. जी. फ्लैट (प्रकोष्ठ भवन) (2 बी.एच.के) | 1598.50 | 1267.74 | 1172.73 | 40.47 | 4.05 |
| 5. | एम. आई. जी. फ्लैट (प्रकोष्ठ भवन) (2 बी.एच.के) | 991.53 | 768.69 | 694.24 | 25.85 | 2.59 |
| 6. | एल. आई. जी. फ्लैट (प्रकोष्ठ भवन) (2 बी.एच.के) | 713.81 | 598.68 | 528.31 | 16.76 | 0.50 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657, 7697777082, 8964939782, 9406300201, 9300777291, 9424209041

**सेजबहार, फेस-II, रायपुर में सामान्य आवास योजना अंतर्गत निर्मित उपलब्ध स्वतंत्र भवन**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल / सुपर बिल्टप एरिया(वर्गफीट में) | भवन का कुर्सी क्षेत्र. (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | एल. आई. जी. ब्रोंज (2 बी. एच. के.) | 968.40 | 608.58 | 558.87 | 30.18 | 0.50 |
| 8. | ई. डब्ल्यू. एस. फ्लैट (1 बी. एच. के.) | 421.79 | 375.52 | 297.19 | 10.32 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8817637003, 8817282979, 8770956881, 9926752769, 9753266721, 9424209043

**सेजबहार फेस-02, रायपुर सामान्य आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | जूनि.एम.आई.जी. टाईप- II (3 बी.एच.के.) | 1041.03 से 1428.07 | 1212.44 | 1156.05 से 1156.05 | 43.47 से 52.24 | 4.35 से 5.22 |
| 10. | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र 1 बी. एच. के.) | 435.78 | 290.63 | 288.58 | 10.70 से 10.93 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8817637003, 8817282979, 8770956881, 9926752769, 9753266721, 9424209043

**सरदार बल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डूमरतराई फेस-I, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत उपलब्ध व्यवसायिक ऑफिस हॉल**

| स. क्रं. | उपलब्ध दुकानों का प्रकार | हॉल का सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | हॉल का कुर्सी क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | हॉल का कारपेट एरिया(वर्गफीट में) | हॉल का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | हॉल क्रमांक (तृतीय तल) | 1646.28 | 1373.94 | 1325.30 | 77.00 | 7.70 |
| 12. | हॉल क्रमांक (तृतीय तल) | 1212.01 | 936.23 | 867.90 | 56.60 | 5.66 |

सम्पर्क सूत्र - 8817637003, 7389836158, 8109574062, 7415884353, 9926752769, 9753266721, 9424209043

**थोक बाजार, डूमरतराई फेस-II, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत उपलब्ध व्यवसायिक स्वतंत्र दुकान/हॉल**

| स. क्रं. | उपलब्ध दुकानों का प्रकार | दुकान के भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | दुकान का कुर्सी क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | दुकान का कारपेट एरिया(वर्गफीट में) | दुकानों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | प्लेटिनम दुकान | 1307.34 | 3318.38 | 2811.91 | 215.70 | 21.57 |
| 14. | रुबी दुकान | 742.44 | 2152.43 | 1578.92 | 122.59 | 12.26 |
| 15. | कोरल - I दुकान | 839.28 | 2168.57 | 1802.95 | 138.54 | 13.85 |
| 16. | पर्ल दुकान | 314.73 | 891.47 | 805.06 | 52.13 | 5.21 |
| 17. | ऑफिस हॉल टाईप- I | - | 1058.46 | - | 174.65 | 17.47 |
| 18. | ऑफिस हॉल टाईप- II | - | 844.66 | - | 139.43 | 13.94 |

सम्पर्क सूत्र - 8817637003, 7389836158, 8109574062, 7415884353, 9926752769, 9753266721, 9424209043

**आदित्य नगर, जिला-दुर्ग में सामान्य आवास योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19. | कोर हॉऊस | 480.11 | 115.45 | 88.12 | 6.34 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9755405252, 7024101786, 9425577575, 9424284256

**बघेरा, जिला-दुर्ग में सामान्य आवास योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20. | एम. आई. जी. (स्वतंत्र - 2 बी. एच. के.) | 1194.36 | 671.64 | 608.48 | 30.80 | 3.08 |
| 21. | जुनि. एम. आई. जी.(स्वतंत्र - 1 बी.एच.के.) | 774.72 | 415.23 | 362.61 | 20.00 | 2.00 |
| 22. | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र - 1 बी.एच.के.) | 435.78 | 306.66 | 260.82 | 11.02 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9755405252, 7024101786, 9425577575, 9424284256

**जिला-जांजगीर चांपा में हसदेव विहार योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र भवन उपलब्ध**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23. | एम. आई. जी. डुप्लेक्स (2 बी. एच. के.) | 1223.95 | 1076.00 | 522.29 | 45.50 | 4.55 |

सम्पर्क सूत्र - 7987816291, 9407934008, 9089553050

नियम एवं शर्तें : 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस. एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. स. क. 1 से 6, 9, 10 तक के भवनों का आबंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 3. स. क. 7, 8, 11 से 23 के भवनों/दुकानों/हॉल का आबंटन "जहाँ है जैसा है" की स्थिति में ऑफर ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 4. ऑफसेट मूल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त किया जाएगा जिन हितग्राहियों द्वारा भुगतान हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हे एक अतिरिक्त बैंकिंग कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. उपरोक्त भवनों के दर्शित मूल्य स्टैंडर्ड है, बैटर लोकेशन, कार्नर तथा अतिरिक्त भूखण्ड की स्थिति में मूल्य नियमानुसार अधिक होंगे, भवनों के वास्तविक मूल्य बुकिंग पोर्टल से देखे जा सकते है। 7. अन्य नियम एवं शर्ते आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 8. अधिक जानकारी हेतु संबंधित संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र कार्यालय में सम्पर्क करें या विजीट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

**TOLL FREE NO. 1800-121-6313** सबके घर की आस सबके लिए आवास, गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

# गुड़-तिल-मूंगफली टेस्टी भी-हेल्दी भी



बच्चो, जाड़े के मौसम में बहुत सी हेल्दी चीजें खाने को मिल जाती हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व भी आता है, इस अवसर पर तिल-मूंगफली से बने व्यंजनों के खाने का एक अलग ही मजा है, जो हमारी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में और कौन-कौन सी हेल्दी-टेस्टी चीजें खाई जा सकती हैं, जो हमें फिजिकली-मेंटली फिट रखती हैं, जानो।

सीजनल डाइट

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हेल्दी डाइट से ही हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। स्वस्थ आहार में बहुत-सी चीजें शामिल होती हैं, जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध-दही। बहुत से फूड आइटम्स भी हमारी हेल्दी डाइट का हिस्सा होते हैं। हमारे देश में तो मौसम के हिसाब से भी खान-पान तय किया गया है। तुमने देखा होगा कि घर में मौसम के बदलते ही खाने-पीने की चीजें भी बदल जाती हैं। इन दिनों जाड़े में मूंगफली, तिल और गुड़ की बनी चीजें खूब दिख रही हैं। ये ट्रेडिशनल फूड आइटम्स सर्दियों के लिए एनर्जी बूस्टर हैं। इनसे मिलने वाले पोषक तत्व, साल भर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

## स्वास्थ्य के रक्षक

सर्दी के मौसम में खाए जाने वाले तिल-मूंगफली के पकवान बहुत न्यूट्रीशस होते हैं। ये हर एज ग्रुप के लोगों को पसंद आते हैं। इनकी तासीर यानी हमारे शरीर पर पड़ने वाला असर, गर्म होती है। जिसके चलते इनसे बनी सभी चीजें शरीर को ठंड से बचाती हैं। तिल की बने लड्डू हों या मूंगफली की चिक्की, सर्दियों में सबके साथ धूप में बैठकर या अलाव तापते हुए इन्हें खाने का मजा ही कुछ और है! ठंड से बचाव करने और सेहत बनाने वाले ये क्रंची स्नैक्स, अपनों



के साथ समय बिताने का भी अवसर देते हैं। तिल और मूंगफली में न केवल प्रोटीन बल्कि कई विटामिन और ओमेगा 6 जैसे न्यूट्रिएंट्स भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन दोनों में ही कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इसीलिए तिल के लड्डू खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। ये हमारी डाइजेस्टिव हेल्थ को बेहतर रखते हैं। वहीं पीनट्स यानी मूंगफली भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पीनट्स खाने से ब्रेन फंक्शनिंग भी सुधरती है। बच्चो, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में सामने आया है कि तिल और मूंगफली में हेल्दी फैट होता है। इसीलिए ठंड के मौसम में इन चीजों को जरूर खाना चाहिए। ये ठिठुराती सर्दी में खेलने-कूदने और एक्टिव रहने का एनर्जी बूस्टर डोज हैं।

## मिठास का सेहतमंद साथ

बच्चो, तिल, मूंगफली को जब गुड़ का साथ मिलता है, तो ये स्वादिष्ट ही नहीं और अधिक गुणकारी भी बन जाते हैं। तिल, गुड़ और मूंगफली, ये तीनों चीजें ठंड के मौसम के लिए सुपरफूड हैं। इनसे बनी चीजें खाने में बहुत टेस्टी लगती हैं। इन्हें स्कूल के टिफिन में ले जाना भी बहुत आसान है। तिल और मूंगफली तो पौष्टिक हैं ही, गुड़ में भी आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी और गर्माहट देने का काम करते हैं। गुड़ में विटामिन ए, सी और ई भी होते हैं। असल में गुड़ में मौजूद शुगर, सुक्रोज और फ्रक्टोज के रूप में होती है, इसलिए इसका स्वाद मीठा और तुरंत एनर्जी देने वाला होता है। यही कारण है कि गुड़ खाने से मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस भी कम होता है। गुड़ में मिठास ही नहीं जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। ये ना सिर्फ हमारे शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं बल्कि इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। तिल और मूंगफली के लड्डू, गजक, बर्फी, तिलपट्टी, तिलकुट या चिक्की बनाने के लिए गुड़ का ही इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में इन चीजों को खाना इम्यूनिटी, मूड और अपनेपन का मिठास भरा बूस्टर डोज बन जाता है।

## ट्रेडिशनल टेस्ट का कमाल

बच्चो, तिल, मूंगफली और गुड़ जैसी चीजों की न्यूट्रिशनल वैल्यू को हमारे बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझते आए हैं। सर्दियों में आने वाले त्योहार, जैसे मकर संक्रांति और लोहड़ी पर तो खासतौर पर इन चीजों को खाया जाता है। सर्दियों में हमारे घरों में इन चीजों से पारंपरिक और पौष्टिक मिठाई बनाने का ट्रेंड रहा है। आज भी विंटर सीजन में दादी-नानी तिल के लड्डू बनाकर भी अपना प्यार जताती हैं। बच्चो, समझना जरूरी है कि तिल, मूंगफली से बनी मिठाई,



स्नैक्स का बहुत हेल्दी ऑप्शन हैं। अगर सही पोर्शन में खाया जाए तो शरीर को इनसे कोई नुकसान नहीं होता। हमारा ट्रेडिशनल खान-पान शरीर, मन और मौसम के मुताबिक बने हुए हैं। बीमारियों से बचाने और इम्यूनिटी मजबूत करने वाले देसी नुस्खों में दादी, नानी और मम्मी का स्नेह भी भरा होता है। इसीलिए सर्दियों में इन सुपर फूड्स को खूब मन से खाओ। अच्छी सेहत बनाओ। इस कमाल के ट्रेडिशनल टेस्ट के लिए दादी-नानी का मन से आभार भी जताओ। *

# कैसे हुई पतंग की शुरुआत

हमारे देश में कुछ खास पर्व और अवसरों पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। बच्चे तो पतंगबाजी को खूब एंज्वॉय करते हैं। पतंग के आविष्कार और देश-विदेश में इसके प्रचलन का किस्सा बड़ा रोचक है। जानो, पतंग और पतंगबाजी से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

जानकारी

शिवानी छाया



बच्चो, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस पर्व के अलावा हमारे देश में वसंत पंचमी, स्वतंत्रता दिवस पर भी पतंगें उड़ाई जाती हैं। गुजरात, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना जैसे कई राज्यों में तो पतंगोत्सव यानी काइट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से आए लोग भाग लेते हैं। पतंगबाजी में बच्चे-बड़े सभी भाग लेते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं। बच्चो, तुम यह जानना चाहोगे कि पतंग उड़ाने की शुरुआत कब और कैसे हुई, जानो-

**चीन में हुई थी शुरुआत:** माना जाता है कि पतंग बनाने और उड़ाने की शुरुआत लगभग 2800 वर्ष पहले चीन के शानदोंग शहर में हुई थी। इस शुरुआत के पीछे एक रोचक किस्सा है- खेत में काम करने के दौरान एक चीनी किसान की टोपी बार-बार हवा में उड़कर इधर-उधर चली जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपनी टोपी एक डोरी से बांधकर रखने लगा। इससे उसकी टोपी हवा में उड़ती तो थी लेकिन इधर-उधर नहीं जाती थी। बस यहीं से पतंग बनाने के आइडिया ने जन्म लिया। विभिन्न स्रोतों के अनुसार दुनिया की शुरुआती पतंगें चीन के हुआंग थेग, मोजी और लुबान ने बनाई थीं। ये पतंगें कागज की नहीं, लकड़ी और रेशम से बनी होती थीं, जिसे 'वुडन बर्ड' यानी 'लकड़ी की चिड़िया' कहा जाता था। बाद में रेशम के कपड़े, बांस आदि की सहायता से पतंगें बनाई जाने लगीं। चीन में पतंग के आविष्कार की एक वजह यह भी थी कि उस दौर में पतंग बनाने का उपयुक्त सामान, जैसे- रेशम का कपड़ा, पतंग उड़ाने के लिए मजबूत रेशम का धागा और पतंग के शेप को सहारा देने के लिए हल्का और मजबूत बांस चीन में आसानी से उपलब्ध था।



चीन में बनी शुरुआती दौर की पतंग

**मनोरंजन नहीं था उद्देश्य:** आज हम पतंगबाजी को एक खेल के रूप में देखते हैं, इसे मनोरंजन के लिए उड़ाते हैं। लेकिन शुरुआत में पतंग उड़ाना मनोरंजन नहीं था। पतंग का प्रयोग संदेश भेजने, हवा की गति और दिशा का पता लगाने, जासूसी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता था। धीरे-धीरे उच्च और सामान्य वर्ग के लोगों की रुचि इसमे बढ़ती गई और पतंगबाजी शौक और मनोरंजन का साधन बन गई।

**भारत में पतंग का प्रसार:** पतंग बनाने की कला और इसे उड़ाने का शौक चीन, जापान, कोरिया, थाइलैंड जैसे देशों से होकर भारत पहुंचा। इसमें विदेशी यात्री, व्यापारी और बौद्ध भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देखते ही देखते पतंगबाजी भारत में काफी लोकप्रिय हो गई, यहां के पर्व-उत्सवों एवं संस्कृति का हिस्सा बन गई। आज बच्चे-बड़े सभी खुले आसमान में पतंग उड़ाते हैं, पतंग से जुड़े फेस्टिवल्स एंज्वॉय करते हैं। *

## पौराणिक ग्रंथों और इतिहास में पतंग

**बच्चो, मकर** संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने को लेकर एक पौराणिक मान्यता भी है। तमिल ग्रंथ 'तंदनान रामायण' के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार भगवान श्रीराम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक तक चली गई थी। तभी से मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। आधुनिक भारत के इतिहास की बात करें तो 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में 'साइमन गो बैक' लिखे काली पतंगें उड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। देश की आजादी के बाद उसी घटना की याद में स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हुई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गोलू-दादू की दोस्ती

बच्चो, तुमको अपने दादाजी-नानाजी से बात करने, उनके संग खेलने में भी फ्रेंड वाली फीलिंग आती होगी। हाल में छपकर आई किताब 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम एक प्यारे बच्चे गोलू और उसके दादू की दोस्ती से जुड़ी मजेदार कहानियां पढ़ सकते हो। इन नौ कहानियों में तुमको गोलू का नटखट स्वभाव, भोलापन और समझदारी देखने को मिलेगी। किसी कहानी में तुम पढ़ोगे कि गोलू के दादू, उसे बड़े प्यार से जीवन से जुड़ी उपयोगी सीख भी दे देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'गोलू मेरा दोस्त' में तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे दादू को गांव से अपने पास बुलाकर प्यारा सा सरप्राइज देता है! 'गोलू मेरा नाम' कहानी में जब तुम पढ़ोगे कि गोलू कैसे अपना नाम अभिनव के बजाय गोलू पुकारे जाने पर मुंह फुला लेता है और फिर दादू उसे उसकी गलती कुछ ऐसे समझाते हैं कि तुम हंसे बिना नहीं रहोगे। कामचोर का मतलब क्या होता है, इसका अर्थ समझने के लिए तुमको 'गोलू मस्त मोलू' कहानी पढ़नी होगी। किताब की अन्य कहानियां भी तुमको जरूर पसंद आएंगी। *



**किताब:** गोलू मेरा दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** पंचशील प्रकाशन, जयपुर

## हंसगुल्ले



**चिक्की :** मिक्की, कल रात को सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मिक्की :** तुम चप्पल पहन कर सोया करो तब कांटा नहीं चुभेगा।
**-खुशी, रायपुर**

**मिंकी (अपनी मम्मी से) :** मम्मी, क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**मम्मी :** नहीं तो! क्यों?
**मिंकी :** तो फिर रिंकी मुझसे क्यों कहती रहती है कि तेरी जुबान बहुत चलती है?
**-काम्या, भोपाल**

**चिंटू :** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मिंटू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
**-सुरेंद्र, रोहतक**

## जीके क्विज-187

1. वूमेंस टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2. भारत किस देश को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है?
3. हाल में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला का क्या नाम है?
4. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
5. भारत के अंतिम गवर्नर जनरल कौन थे?
6. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
8. भारत में पहली रेल किन दो स्थानों के बीच चली थी?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य की नृत्य शैली है?



बच्चों, जीके क्विज-187 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-186 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2. 366 दिन, 3. 10 जनवरी, 4.मिजोरम, 5.मंगोलिया, 6.हाइड्रोजन, 7.माइटोकॉण्ड्रिया, 8.न्यूमिस्मेटिक्स, 9.गंगा डॉल्फिन, 10.विनय कुमार सक्सेना

**जीके क्विज-186 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आपु-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, रक्षित-बिलासपुर, अनन्या-दुर्ग, केशव-बिलासपुर, नमन-रोहतक, हर्ष-भोपाल, शिवांश-महासमुंद



कहानी

सरस्वती रमेश

# मकर संक्रांति का दान

राजू को तो यही पता था, मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाई जाती हैं, लेकिन दादी ने बताया इस दिन दान दिया जाता है, जिसका एक अलग महत्व होता है। राजू को यह बात वास्तव में कितनी समझ में आई, क्या उसने मकर संक्रांति के दिन कोई दान किया?



राजू के घर आज सुबह-सुबह पूरे परिवार ने स्नान किया। फिर सबने मकर संक्रांति की पूजा की। तिल के लड्डू खाए। खाने में राजू की मम्मी ने आज स्वादिष्ट खिचड़ी बनाई थी। दोपहर में सभी लोगों ने छत पर गुनगुनी धूप में बैठकर खिचड़ी खाई। मम्मी-पापा, दादा-दादी राजू और छोटी बहन पीहू ने खिचड़ी खाई। दादी ने राजू और पीहू से पूछा, 'जानते हो बच्चो, मकर संक्रांति के दिन क्या करते हैं?'

'हां.. हां.. जानता हूं। आज के दिन मजे से पतंग उड़ाते हैं।' राजू तपाक से बोला। 'हां पतंग तो उड़ाते हैं, लेकिन इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। गरीब लोगों को दान भी करते हैं। आज के दिन दान करने से उसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।' दादी ने बताया।

'दान क्या होता है दादी?' पीहू ने भोलेपन से पूछा।

'दान मतलब किसी गरीब को कुछ देना। कोई खाने की चीज या वस्त्र आदि।' दादी बोलीं।

'फिर तो भैया आप मुझे अपनी बड़ी वाली पतंग दान कर दो न प्लीज।' पीहू ने मचलते हुए कहा तो सब हंस पड़े।

कुछ देर बाद राजू अपने पापा और बहन के साथ घर के पास ही ग्राउंड में पतंग उड़ाने गया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ रही थीं। बच्चे, बड़े सब पतंगें उड़ा रहे थे। तभी वहां एक बच्चा दिखाई दिया। वह पेड़ के पीछे खड़ा होकर सबको पतंगें उड़ाता हुआ देख रहा था। ठंड काफी थी, लेकिन उस बच्चे ने सिर्फ एक हाफ शर्ट और नेकर पहन रखी थी। राजू के पापा की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम यहां क्यों छिपे हुए हो?' 'सबको पतंगें उड़ता देख रहा हूं।' वह बच्चा बोला।

'तुम्हारी पतंग कहां है?' राजू ने उससे पूछा।

'मेरे पास नहीं है।' बच्चा उदास स्वर में बोला।

'और इतनी ठंड में तुमने स्वेटर क्यों नहीं पहन रखा है? तुम्हें ठंड नहीं लग रही क्या?' पापा को अचरज हो रहा था।

'लग रही है। स्वेटर गंदा हो गया था तो मां ने धोकर सूखने के लिए डाल रखा है।' बच्चे ने सकुचाते हुए बताया।

'तो दूसरा पहन लेते।' पास खड़ी पीहू बोली।

'दूसरा नहीं है।' लड़का धीमी आवाज में बोला।

'अच्छा तुम्हारा नाम क्या है?' पापा ने पूछा।

'मोनू।' लड़के ने बताया।

'तुम रहते कहां हो?' पापा ने जानना चाहा।

'वो सामने बस्ती में।' बच्चे ने अंगुली के इशारे से बताया।

'क्या तुम मेरे बेटे का पुराना स्वेटर लोगे।' पापा ने पूछा।

'मां से पूछकर बताऊंगा।' इतना कहकर वह जाने लगा तो राजू ने उसे रोक लिया।

'यह लो मेरी पतंग और मांझा, ठीक से उड़ाना।' राजू ने अपनी पतंग-मांझा उसके हाथों में पकड़ा दिया।

पतंग पाकर बच्चा खुश हो गया और दौड़ते हुए घर की ओर चला गया। राजू पापा के साथ घर लौट आया। पापा ने घर में बच्चे की बात सभी को बताई। यह भी बताया कि राजू ने उसे अपनी पतंग दे दी।

'लेकिन शाम को तो सर्दी और बढ़ जाएगी। हमें उसे गर्म कपड़े भी देने चाहिए।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'यदि उसने पुराने कपड़े न लिए तो?' पापा बोले।

'हम उसके लिए नए कपड़े देंगे।' राजू ने कहा।

'लेकिन इतनी जल्दी नए कपड़े आएंगे कहां से?' मम्मी बोलीं।

'आपने जो मेरे लिए नया स्वेटर खरीदा है, वही उसे दे दीजिए।' राजू तुरंत बोला।

'लेकिन वो तो तुम्हारे लिए है और महंगा भी बहुत है।' दादी बोलीं।

'दादी, सुबह आपने कहा था न कि आज गरीब को दान करना चाहिए। वह गरीब बच्चा है। उसे स्वेटर देंगे आज।' राजू ने दादी को सुबह वाली बात याद दिलाई। 'जरूर बेटा, तुमने तो संक्रांति की परंपरा को ठीक से समझ लिया है। ले आओ, अपना नया वाला स्वेटर। चलो अभी चलते हैं मोनू के घर।' पापा बोले।

राजू भाग कर अपने कमरे से स्वेटर ले आया और खुशी-खुशी पापा के साथ मोनू के घर की ओर चल पड़ा। घर में दादी, मम्मी और पीहू भी यह देखकर बहुत प्रभावित और खुश थे कि दयालु राजू के कारण एक गरीब का भला होगा। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## एक पर्व के इतने नाम!

छोटे से मिस्टर अयान
सोच-सोच कर हैं हैरान
तिथि एक है, पर्व एक है
लेकिन इसके इतने नाम!
दक्षिण भारत में है पोंगल
उत्तर में कहलाता खिचड़ी
असम राज्य में बिहू कहते
पंजाबी कहते हैं लोहड़ी।
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा
में होता है मकर संक्रांति
पर पश्चिम बंगाल के अंदर
कहलाता है पौष संक्रांति।
इस दिन सूरज दिशा बदल
उत्तरी गोलार्ध में आ जाता है
रातें छोटी होने लगतीं
दिन लंबाई पा जाता है।
भुनी मूंगफली, गुड़ की पट्टी
तिल की गजक, रेवड़ी खाकर
पूरा देश मनाया करता
है यह पर्व, पतंग उड़ाकर।

## रंग भरो-193

**रंग भरो-193** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






**रुजुला, रोहतक**



आशना, जांजगीर



पयोनिधि, अंबिकापुर



आन्या, दुर्ग



लालिमा, गरियाबंद



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देव्यांश-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सुमन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सौम्या-करनाल, रोहन-बिलासपुर, दिव्या-कोरबा, साकेत-बालोद

## रंग भरो 194



बच्चो, यहां पतंग उड़ा रहे एक बच्चे का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में आई बड़ी गिरावट


# ट्रंप के बयान से कांपा भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 780 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स 780 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 264 अंक टूटकर 26,000 के नीचे आ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, धातु, तेल एवं गैस और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने बाजार पर दबाव बनाए रखा। निवेशकों ने चार सत्र में सात लाख करोड़ रुपए गवांए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 3,158 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 1,039 शेयरों में बढ़त हुई और 170 शेयर अपरिवर्तित रहे। वहीं, निफ्टी 263.90 अंक टूटकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ।

## ट्रंप ने 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी दी

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऐसे प्रतिबंधात्मक विधेयक का समर्थन किए जाने से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में जुटे सीनेटर (सांसद) लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि इससे अमेरिका को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करने का दबाव बनाने के लिए 'जबर्दस्त ताकत' मिलेगी।*



- निवेशकों को चार दिन में लगा 7 लाख करोड़ रुपए का झटका
- वैश्विक बाजारों में व्यापक स्तर पर निवेशक बिकवाल रहे
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी जारी रही


**रिलायंस चार दिनों में लगभग आठ प्रतिशत टूटा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में पिछले चार कारोबारी सत्रों से गिरावट जारी है। इसमें लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। बीएसई में पिछले चार कारोबारी दिनों में यह शेयर 7.67 प्रतिशत टूटा है। शेयर में गिरावट के रुख को देखते हुए, कंपनी का बाजार मूल्यांकन चार दिनों में 1,65,299.15 करोड़ रुपये घटकर 19,89,679.45 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का शेयर बृहस्पतिवार को बीएसई में 2.25 प्रतिशत घटकर 1,470.30 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 2.37 प्रतिशत टूटकर 1,468.45 रुपये पर आ गया था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और ट्रेंट सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# यूआईडीएआई ने 'उदय' नामक शुभंकर किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- लोगों को आधार के बारे में समझने में होगी आसानी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 'उदय' नाम का एक शुभंकर पेश किया है जिससे लोगों को आधार सेवाओं को आसानी से समझने में मदद मिलेगी। इस शुभंकर (मस्कट) का चयन एमवाईजीओवी मंच पर आयोजित एक राष्ट्रीय डिजाइन एवं नामकरण प्रतियोगिता के माध्यम से प्राप्त विभिन्न प्रविष्टियों में से किया गया है। 'उदय' नाम का यह आधार शुभंकर आधार से संबंधित जानकारी को अधिक सहज एवं लोगों के अनुकूल बनाने में सहायक होगा। तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में यूआईडीएआई के चेयरमैन नीलकंठ मिश्रा ने शुभंकर को पेश किया और विजेताओं को सम्मानित किया। मिश्रा ने कहा कि इस शुभंकर को पेश करना भारत के एक अरब से अधिक निवासियों के लिए आधार संचार को सरल, अधिक समावेशी एवं अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए यूआईडीएआई के निरंतर प्रयासों में एक और कदम है। यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि एक खुली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को इस शुभंकर को तैयार करने और नाम देने के लिए आमंत्रित करके, यूआईडीएआई ने आधार के एक मूल सिद्धांत ''भागीदारी से विश्वास एवं स्वीकृति का निर्माण होता है'' की पुष्टि की है ।

### महाराष्ट्र के इदरीस दूसरे स्थान पर रहे

महाराष्ट्र के पुणे के इदरीस दवाईवाला और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के कृष्णा शर्मा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बयान में कहा गया कि भोपाल की रिया जैन ने शुभंकर नामकरण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता जबकि पुणे के इदरीस दवाईवाला और हैदराबाद के महाराज सरन चेल्लापिल्ला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# एयर इंडिया को मिला अपना पहला ड्रीमलाइनर विमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- निजीकरण के बाद पहला बोइंग 787-9 विमान मिला
- टाटा समूह ने जनवरी 2022 में सरकार से स्वामित्व हासिल किया

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने निजीकरण के बाद अपना पहला बोइंग 787-9 विमान प्राप्त कर लिया है। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में सरकार से विमानन कंपनी का स्वामित्व हासिल किया था।

यह एयर इंडिया के लिए विशेष रूप से विनिर्मित या 'लाइन फिट' पहला ड्रीमलाइनर विमान भी है। सामान्य तौर पर, 'लाइन फिट' का तात्पर्य किसी विशेष विमानन कंपनी के लिए विशेष रूप से विनिर्मित विमान से होता है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि एयर इंडिया ने सात जनवरी को सिएटल में बोइंग के एवरेट कारखाने में 'ड्रीमलाइनर' का स्वामित्व हासिल किया।नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा निरीक्षण के बाद इस विमान के अगले कुछ दिन में भारत पहुंचने की उम्मीद है। जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद एयर इंडिया द्वारा लिया जाने वाला यह पहला 'लाइन फिट' ड्रीमलाइनर है। नए विमान में तीन श्रेणियों इकोनॉमी, प्रीमियम इकोनॉमी और बिजनेस क्लास होंगी। एयर इंडिया ने आखिरी बार 'लाइन फिट' ड्रीमलाइनर अक्टूबर 2017 में हासिल किया था जब विमानन कंपनी सरकार के स्वामित्व में थी। अधिकारी ने बताया कि यह नवीनतम विमान उसका पहला 'वाइड-बॉडी' विमान है और 2023 में ऑर्डर किए गए 220 बोइंग विमान में से 52वां विमान है।


### 220 बोइंग विमान का दिया ऑर्डर

एयर इंडिया एक्सप्रेस को पहले ही 'नैरो-बॉडी' बोइंग 737-8 के 51 विमान की आपूर्ति मिल चुकी है। इसमें दिसंबर के अंत में शामिल किया गया उसका पहला 'लाइन फिट' विमान भी शामिल है।

# कमर्शियल एयरक्राफ्ट भी बनाएंगे अदाणी! ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर से मिलाया हाथ

- छोटे और मध्यम दूरी के विमान बनाने के लिए किया समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारत जल्द ही उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है जहां विमान बनाए जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अदाणी ग्रुप और ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर ने भारत में छोटे और मध्यम दूरी के विमान बनाने के लिए एक समझौता किया है। इन हवाई जहाजों में 70 से 146 यात्री बैठ सकते हैं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,800 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे रखा है। सरकार चाहती है कि बड़ी विदेशी एविएशन कंपनियां भारत में अपने कमर्शियल एयरक्राफ्ट की फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करें।

### समझौता मेन इन इंडिया प्रोग्राम के तहत

*अदाणी एयरोस्पेस ने ब्राजील में एम्ब्रेयर के साथ इस फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।*

# वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 फीसदी रह सकती है जीडीपी : एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज कर सकती है, जो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के 7.4 प्रतिशत अनुमान से थोड़ा अधिक है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

एनएसओ ने बुधवार को जारी प्रथम अग्रिम अनुमान में कहा था कि वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसके पहले रिजर्व बैंक ने 7.3 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआइ और एनएसओ के अनुमानों के बीच ऐतिहासिक तौर पर 0.20-0.30 प्रतिशत अंक का अंतर होता है, लिहाजा 7.4 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान अपेक्षित और तर्कसंगत है। रिपोर्ट के मुताबिक, /"हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि लगभग 7.5 प्रतिशत रहेगी और इसमें ऊपर जाने का झुकाव बना हुआ है। द्वितीय अग्रिम अनुमान, जिसमें अतिरिक्त डेटा और संशोधन शामिल होंगे, 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाएंगे। 2022-23 को आधार वर्ष के रूप में संशोधित किए जाने से ये सभी आंकड़े बदल सकते हैं।/"

एसबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 के अंत तक राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 62.3 प्रतिशत था।

# वेनेजुएला में 1 कप चाय के दाम में मिल रहा सोना!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



क्या आप यकीन करेंगे अगर आपको पता चले कि दुनिया में एक ऐसी जगह है जहां सोने का भाव एक कप अच्छी चाय या कॉफी से भी कम है? यह बात सुनने में किसी सपने या अफवाह जैसी लग सकती है, लेकिन दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में यह आज की हकीकत है। जिस सोने को खरीदने के लिए भारत में लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करनी पड़ती है, वहां उसकी कीमत कौड़ियों के भाव है। भारत में जहां सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, वहीं वेनेजुएला में गणित बिल्कुल उल्टा चल रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में 24 कैरेट के एक ग्राम सोने की कीमत करीब 13,827 रुपए है। इसके ठीक विपरीत, वेनेजुएला में इसी शुद्धता वाले सोने का दाम भारतीय मुद्रा में महज 181.65 रुपए है।

### 8000 टन का भंडार, फिर भी दाने-दाने को मोहताज

वेनेजुएला की विडंबना यह है कि यह देश गरीब नहीं है, बल्कि यहां की व्यवस्था ने इसे लाचार बना दिया है। यह दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है, जहां कुदरत ने दोनों हाथों से खजाना लुटाया है। दुनिया के कच्चे तेल का 17 प्रतिशथ भंडार इसी देश के पास है। सिर्फ तेल ही नहीं, आधिकारिक दावों के मुताबिक, वेनेजुएला की धरती के नीचे 'ओरिनोको माइनिंग आर्क' में 8,000 टन से ज्यादा सोना, हीरे और बॉक्साइट का विशाल भंडार दबा हुआ है।

### सरकार ने गोल्ड रिजर्व का जमकर इस्तेमाल किया

सरकार ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने और कर्ज चुकाने के लिए अपने गोल्ड रिजर्व (स्वर्ण भंडार) का जमकर इस्तेमाल किया। नतीजा यह हुआ कि कभी सोने से लदे रहने वाले इस देश का आधिकारिक गोल्ड रिजर्व साल-दर-साल घटता चला गया। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के आंकड़े गवाह हैं कि 2024 तक वेनेजुएला के पास केवल 161 टन सोना ही बचा था। भ्रष्टाचार और महंगाई की दीमक ने देश के सरकारी खजाने को लगभग खोखला कर दिया है।

## बिजनेस साइट

# छत्तीसगढ़ में सोलर क्रांति की शुरुआत

- सोलर एक्सपो एवं कॉन्फ्रेंस 12-13 जनवरी को रायपुर में

**रायपुर।** भारत का सबसे शक्तिशाली और सबसे तेज़ी से बढ़ता सोलर मंच- ग्लोबल सोलर एक्सपो -12 और 13 जनवरी को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सोलर, स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह आयोजन ईक्यू इंटरनेशनल मैगज़ीन और सीटूजेड नेट ज़ीरो एवं डी-कार्बोनाइज़ेशन मार्केट प्लेस द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार, ऊर्जा विभाग, डिस्कॉम, ट्रांसमिशन कंपनियाँ, देश की शीर्ष सोलर कंपनियाँ, निवेशक एवं उद्योग नेता एक ही मंच पर उपस्थित होंगे। ज़ीरो इन्वेस्टमेंट सोलर और केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर फोकस इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। वाणिज्यिक, औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ज़ी रोइन्वेस्टमेंट सोलर, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघरः मुफ़्त बिजली योजना इन योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए पूर् णमार्गदर्शन, हैंड होल्डिंग और क्रियान्वयन सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं ऊर्जा मंत्री को उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट, टेलीकॉलर, मार्केटिंग, ऑफिस बॉय, हेल्पर एवं फ्रेशर भी **संपर्क करें- 9981855505, 7714525074.**(RO-453)

### सुरक्षागार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए (घर शॉप के लिए) अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता। समयः सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक। वेतनः 15,000-20,000 रविवार अवकाश। **संपर्क करें: 7222929111.**(RO-0321)

**आवश्यकता है-** पहाड़ी चौक गुढ़यारी स्थित गोडाउन में D I चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। कार्य समय 9 से 7 बजे। **क्लासिक स्पार्कलर्स फाफाडीह चौक रायपुर 9329425583.** (RO-90)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प में कार्य करने हेतु युवक/युवतियो की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें डागा पेट्रोल पम्प फाफाडीह चौक स्टेशन रोड रायपुर मो 8109135400, 9179380728.**(RO-91)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। **संपर्क- श्याम हार्डवेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के पास, रायपुर मो.:- 9300908801.**(RO-81)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नट-बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता। योग्यता – पाँचवी / बारहवीं वेतन – 14,500/- से योग्यता अनुसार कार्य स्थान – **बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने, रायपुर (छ.ग.) कॉलिंग समय – सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मो. 9827911777.**(RO-4062)

### इंचार्ज/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** स्टोर इंचार्ज, गोदाम इंचार्ज, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर + हेल्पर, सेल्स बॉय, सेल्स गर्ल एवं पैकिंग लड़कों की आवश्यकता है। **पता : गोकुल सुपर बाजार (पंडरी) मोबाइल : 9243097900, 9329483500.**(RO-2648)

### इंचार्ज/हेल्पर

**आवश्यकता है-** गोडाउन इंचार्ज और गोडाउन हेल्पर की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यतानुसार **संपर्क- आरती सॉल्युशन, 01, इंफ्रा मार्केट आरसीसी प्लांट के पीछे, माना दारू भट्टी रोड बनारसी रायपुर मोबाइल 9303028005.**(RO-16571)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री **संपर्क:- 7870192397, 7796880121.**(RO-455)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है, जो देवास इंदौर भोपाल रीवा में रहकर कार्य करे योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन - 12000 +कमीशन+बोनस रहना खाना फ्री , ट्रैवल फ्री, कोई भी फीस नहीं ली जाएगी , कमाए 20 से 25 हजार महीना कमाने के लिए शीघ्र **संपर्क करें... 8085952611, 7880133552.**(RO-525)

### रूम सर्विस कार्य

**आवश्यकता है-** उत्कल लॉज में रूम सर्विस कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार बाहर से आने वाले को रहना/ खाना फ्री शीघ्र **संपर्क करें:- शॉप नं.- 31 रविशंकर शुक्ला मार्केट बस स्टैंड पावर हाउस भिलाई मो.- 9039136944, 6266152977.**(आरो न.-210)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर एवं आसपास के इलाके में डिटर्जेंट पाउडर,टॉयलेट सोप,टॉयलेट क्लीनर,सभी प्रकार के क्लीनिंग प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है केवल FMCG **लाइन में काम किए हुए अनुभवी ही संपर्क करे । मोबाइल 9111880555.** (RO-446)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टेक्नीशियन/नर्स

**शीघ्र आवश्यकता है-** 1. दो OT टेक्नीशियन (Male) 2. एक स्टाफ नर्स (Female) स्किनरूट्स स्किन और हेयर ट्रांसप्लांट क्लिनिक मैन रोड शंकर नगर रायपुर **नैवेद्य मिठाई दुकान के ऊपर दूसरी मंजिल । मो. नं. 8700353466/ 9977488878.** (RO-A)

### कारीगर

**आवश्यकता है-** राजनांदगाव में हाथ से पापड़ बनाने के लिए 2 महिला एवं 1 पुरुष कारीगर की आवश्यकता है। **संपर्क करें.. 9826850000.** (RO-meeth)

### ऑफिसर/कस्टमर केयर

**आवश्यकता है-** शिवाय & रूद्र कार्पोरेशन को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए सर्वे & वेरीफिकेशन ऑफिसर, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता हैं, योग्यता- ग्रेजुएशन, 12th, +बाइक +लैपटॉप या कंप्यूटर +फोन नंबर (मोबाइल के साथ) वेतन 20,000 प्रतिमाह **संपर्क:- 6262607764, 6262607765.** (RO-459)

### नर्स

**आवश्यकता है-** NICU/PICU फीमेल नर्स की 12घंटे की डे शिफ्ट व 12घंटे की नाईट शिफ्ट हेतु अलग अलग 2 नर्स आवश्यकता है, जिनकी उम्र न्यूनतम 30 वर्ष हो , जो तुरंत जॉइन कर सके वही संपर्क करें । जिस भी हॉस्पिटल मे NICU/PICU विभाग में कार्य किया है वहाँ का अनुभव प्रमाण पत्र आवश्यक है । सैलरी 30000-35000/- प्रतिमाह । **संपर्क :- 96447-20222.** (RO-21)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** रायपुर में एक बूढ़े व्यक्ति के रोज़ के कामों में मदद करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। रहने और खाने की व्यवस्था है। आधार और अपना फोन होना चाहिए। **संपर्क करें 9752540608.** (RO-445)

### मेडिकल स्टोर्स

**आवश्यकता है-** PHARMACY STORE में कार्य करने हेतु युवक/ युवती की तत्काल आवश्यकता है योग्यता - 12वीं (Bio)/B.Sc/D.Phrma वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता **मो - 9340109886.**(आरो न.-209)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास - ग्रेजुएट लड़के - लड़किया (22500-68500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना - खाना, फंड -बोनस।- **9953158238.**(RO-1281)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai **9826196515, 9826896515.**(आरो न.-4129)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है-** सर्वसुविधायुक्त 3BHK फ्लैट 1700 वर्गफुट खेत्रफल, शुभकामना अपार्टमेंट, आशीष नगर पश्चिम, बेचना है। 24 घंटा पानी, चौकीदार, लिफ्ट की सुविधा भी है। सोसायटी सरकार **संपर्क करें -मो.- 9407981060.** (आरो न.-700)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रोजगार योजनाअंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- 25 लाख )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, **संपर्क - 9311830460.**(RO-1279)

**फाइनेंस -** बसुधा फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्क:- 9438611337.** (RO-454)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** 35000 वर्गफीट का कवर्ड शेडयुक्त यार्ड वेयरहाउसिंग/ गोडाउन हेतु उपयुक्त (आरसीसी फ्लोरिंग, कवर्ड बाउंड्री वॉल, सीसीटीवी, सिक्योरिटी गार्ड सुविधा) **शंकरा हुंडई के बाजू, रिंग रोड नंबर- 1, भाटा गांव, रायपुर स्थित व्हाट्सएप करें 9977228899.**(RO-16570)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए गए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक 629 रन, मिचेल ने चटकाए 31 विकेट

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के आखिरी टेस्ट मैच में 5 विकेट से हार मिली। कंगारू टीम को 161 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच सीरीज में सर्वाधिक रन, सर्वाधिक विकेट और अन्य रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 62.90 की औसत के साथ 629 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 शतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 170 रन रहा। हेड के अलावा और कोई भी बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना पाया। जो रूट दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 शतक निकला और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन रहा।

### मिचेल-कॉर्स ने चटकाए सबसे ज्यादा विकेट

मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 5 मैच की 10 पारियों में 19.93 की शानदार औसत के साथ 31 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/58 का रहा। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 30.31 की औसत से 22 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 का रहा।






### जोश, स्टोक्स और आर्चर ने लिए 5 विकेट हॉल

एशेज सीरीज 2025-26 में स्टार्क के अलावा 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। इंग्लैंड के जोश टंग, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने ये कारनामा किया। वहीं, कंगारू टीम के लिए माइकल नेसर ने 5 विकेट हॉल लिए। टंग ने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 18 विकेट चटकाए। नेसर और स्टोक्स के नाम सीरीज में 15-15 विकेट आए। वहीं, आर्चर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए और इसकी 6 पारियों में 9 विकेट लेने में सफल रहे।

### रूट, हेड, केरी, स्मिथ व बेथल ने भी जड़े शतक

सीरीज में रूट और हेड के अलावा सिर्फ 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। एलेक्स केरी ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक के साथ 46.14 की औसत से 323 रन बनाए। स्टीव स्मिथ के बल्ले से 4 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 286 रन निकले। जैकब बेथल सिर्फ 2 टेस्ट खेले और इसकी 4 पारियों में 1 शतक की मदद से 51.25 की औसत से 205 रन बनाने में सफल रहे।

### सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ऐसी है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया की कुल 7वीं जीत साबित हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत किया। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान (48.15) पर है।

**शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड** : टॉप पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की टीम ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 7 मुकाबलों में उसने जीत (हार-1) दर्ज की। दूसरे स्थान पर फिलहाल न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम है। कीवी टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं, 2 में उसे जीत और 1 में हार मिली है।

#### भारत सहित अन्य टीमों की स्थिति

दक्षिण अफ्रीका ने 4 में से अपने 3 टेस्ट जीतकर तीसरे स्थान पर, श्रीलंका एक टेस्ट जीतकर चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 1 जीत और 1 हार के साथ 5वें स्थान पर बनी हुई है। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।

#### इंग्लैंड ने इस चक्र में अपनी छठी हार झेली

इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अपनी छठी हार झेली। इंग्लिश टीम ने 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्हें 3 में जीत मिली है और 1 टेस्ट उन्होंने ड्रॉ कराया है। फिलहाल इंग्लिश टीम 7वें स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के नीचे बांग्लादेश 8वें और वेस्टइंडीज अंतिम 9वें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एसए20 शानदार मंच पर आईपीएल से तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने एसए20 लीग को दक्षिण अफ्रीका और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी तुलना इंडियन प्रीमियर लीग से नहीं की जा सकती। डुमिनी ने कहा कि एसए20 लीग की शुरुआत से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को दुनिया भर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अधिक अवसर मिल रहे हैं जिससे देश के क्रिकेट को फायदा हो रहा है। डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसे आप आईपीएल के बराबर रख सकते हैं। मेरे लिए आईपीएल गोल्ड स्टैंडर्ड है और यह हमेशा ऐसा ही रहेगा।

### राठौर बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच



**कोलंबो।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रीलंका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। यह निर्णय टी-20 विश्व कप 2026 से पहले लिया गया है। राठौर ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य किया था और वह 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत का हिस्सा भी रहे थे। श्रीलंका अब उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। वह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े हुए हैं। साल 2026 का विश्व कप भारत और श्रीलंका में होना है। विक्रम 15 जनवरी तक श्रीलंका की टीम से जुड़ने की उम्मीद है, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप की तैयारी में है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी प्रारंभिक टीम पहले ही घोषित कर चुकी है। टीम 7 जनवरी से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### आईसीसी टूर्नामेंटों की चमक फीकी पड़ रही



**डरबन।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईसीसी टूर्नामेंटों के प्रति लोगों का आकर्षण कम होता जा रहा है और इनकी चमक को बरकरार रखने के लिए 'प्रशासनिक दृष्टिकोण' से बदलाव करने की जरूरत है। मौजूदा क्रिकेट कैलेंडर में 10 महीनों के भीतर तीन विश्व कप आयोजित किए जा रहे हैं। महिला वनडे विश्व कप सितंबर और नवंबर 2025 के बीच खेला गया था। अब पुरुषों का टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जून जुलाई में महिला टी20 विश्व कप होगा। उथप्पा अभी एसए20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं।

### ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़द मैच और मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़द सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया, 4-1 से जीती एशेज सीरीज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। सिडनी टेस्ट में जीत के लिए मिले 160 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशेन के 37 रनों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने इस प्रतिष्ठित सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और 31 विकेट हासिल कर मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज।

### ऑस्ट्रेलिया की रही मजबूत शुरुआत

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक (160) की मदद से सभी विकेट खोकर 384 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों की बदौलत 567 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। पहली पारी के आधार पर पिछड़ने वाली इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक की मदद से 342 रन बनाए। आखिर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

### रूट ने शतकों में रिकी पोंटिंग की बराबरी की

रूट ने 160 और 6 रन के स्कोर किए। रूट ने शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी की। बता दें कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 41 शतकों की मदद से 13,378 रन बनाए थे। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वाधिक शतक (41) वाले बल्लेबाज बने। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (51) और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (45) ने लगाए हुए हैं।




### इस सूची में शुमार हुए रूट

रूट 21वीं सदी में एक एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए कम से कम 2 शतक लगाने वाले चौथे इंग्लिश बल्लेबाज बने। बता दें कि पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन ने 2002-03 में 3 शतक लगाए थे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 शतक अपने नाम किए थे। जोनाथन ट्रॉट ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में 2 शतक जड़े थे।

### ट्रेविस हेड ने लगाया बड़ा शतक

हेड ने पहली पारी में 163 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5वां टेस्ट शतक साबित हुआ। वह दूसरी पारी में 29 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने एशेज सीरीज 2025-26 में 5 मैचों की 10 पारियों में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी लगाए है। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना सका।

### हेड 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे प्लेयर

क्रिकइंफो के अनुसार, हेड 21वीं सदी की शुरुआत से एशेज सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले स्टीव स्मिथ, एलिस्टर कुक और माइकल वॉन ऐसा कर चुके थे। स्मिथ ने 2 बार 2019 में 774 रन और 2017-18 में 687 रन बनाए थे। कुक ने 2010-11 में 766 रन अपने नाम किए थे। वॉन ने 2002-03 में 633 रन बनाए थे।

### स्मिथ ने शतक में तोड़ा द्रविड़ का रिकॉर्ड

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाया। स्मिथ ने टेस्ट शतकों के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। बता दें कि द्रविड़ ने 36 शतकों की मदद से 13,288 रन बनाए थे। स्मिथ अब टेस्ट क्रिकेट में छठे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। बता दें कि सर्वाधिक शतक तेंदुलकर (51) ने लगाए थे। उनके बाद कैलिस (45), पोंटिंग (41), रूट (41) और कुमार संगाकारा (38) हैं।यह एशेज सीरीज के इतिहास में स्मिथ का कुल 13वां शतक रहा। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सीरीज में शतकों के मामले में जैक हॉब्स (12 शतक) को पीछे छोड़ा। अब एशेज में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (19) ने लगाए हुए हैं। इस शतकीय पारी के दौरान स्मिथ एशेज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

## टी-20 विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की हुई सर्जरी

### न्यूजीलैंड सीरीज में खेलना हुआ संदिग्ध



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद फरवरी में टी-20 विश्व कप भी खेला जाएगा। इस प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों में जुटी भारतीय टीम के लिए चिंताजनक खबर है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की 'टेस्टिकुलर टॉर्शन' की सर्जरी हुई है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

### विश्व कप में खेलने पर भी हुआ संदेह

स्पोर्ट्स तक के मुताबिक, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में हैदराबाद के आखिरी लीग स्टेज मैच से एक दिन पहले, 7 जनवरी की सुबह तिलक के पेट में दर्द हुआ। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई। खबरों के मुताबिक, उनकी सफल सर्जरी हुई है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, और विश्व कप में खेलने को लेकर भी उन पर संदेह है।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजे गए मिचेल, शेफाली, ग्रीव्स और डफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर 2025 के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को नामांकित किया। उन्होंने एशेज सीरीज 2025-26 में अपनी गेंदबाजी से अंतर पैदा किया।

आईसीसी ने स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स और न्यूजीलैंड के जैकब डफी को भी नामित किया। महिलाओं में भारत की शेफाली वर्मा, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस को नामांकित हुई हैं।






### स्टार्क ने एशेज सीरीज में लिए 31 विकेट

स्टार्क ने दिसंबर 2025 में एशेज सीरीज के दौरान गेंदबाजी में 16 विकेट लिए थे और बल्लेबाजी में 139 रन बनाए थे। एशेज 2025-26 में स्टार्क ने 10 पारियों में 19.93 की औसत के साथ 31 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन पर 7 विकेट लेना रहा। कोई भी दूसरा गेंदबाज 25 विकेट के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

### दिसंबर में शेफाली ने किया था कमाल

दिसंबर 2025 में शेफाली ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में कमाल किया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 80 की औसत से 241 रन बनाए थे। वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 2 शतक (124 और 100*) रन बनाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। उनकी साथी खिलाड़ी लुस ने आयरलैंड के विरुद्ध सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

### ग्रीव्स का ऐसा रहा प्रदर्शन

ग्रीव्स ने न्यूजीलैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में 6 पारियों में 56.60 की औसत के साथ 283 रन बनाए थे। वह अपनी टीम की ओर से उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक 202* लगाया था और मैच को ड्रॉ कराया था। उन्होंने माउंट माउंगानुई में खेले गए तीसरे टेस्ट में 43 रन की पारी खेली थी।

### चीन में होने वाली स्पर्धा के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

## एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक (शॉट-पुट) खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं।






### लंबी कूद और फर्राटा धावकों से लबरेज है टीम

लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**पुरुष** : मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (ऊंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

**महिला** : नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।

## बैडमिंटन

# सिंधू जीत के साथ मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चीन की गाओ फांग जी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### ऐसा रहा सिंधू का मियाजाकी से रोमांचक मुकाबला

तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा।

## एसए20 क्रिकेट : कैपिटल्स ने डीएसजी को हराया होप का शतक, लुंगी की हैट्रिक

**डरबन।** शाई होप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया, जिसके बाद लुंगी एनगिडी ने लीग की पहली हैट्रिक विकेट हासिल की जिससे प्रिटोरिया कैपिटल्स ने डरबन सुपर जायंट्स (डीएसजी) को एक बड़े स्कोर वाले मैच में 15 रन से हराया। होप ने 69 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए, जिसमें नौ छक्के और इतने की चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में सुपर जायंट्स की टीम 19.4 ओवर में 186 रन बनाकर आउट हो गई। सुपर जायंट्स की तरफ से जोस बटलर ने सर्वाधिक नाबाद 97 रन बनाए।

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम - भेलाई (यूनिट -1), तहसील - बलौदा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा खसरा क्रमांक 157/1, 158/3, 160, 161, 162/1, शामिल 163, 162/2, 162/3, 164/1, 165/1, 165/2, 178, 180, 190/1, 190/2, 194, 176, 182, 175 एवं 179, कुल क्षेत्रफल 15.13 एकड (6.123 हेक्टेयर) में कोल वॉशरी क्षमता- 0.95 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष वेट टाईप के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है । इस परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु **लोक सुनवाई दिनांक 11/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे, स्थानः- शासकीय प्राथमिक शाला, झर्राडीह, ग्राम - भेलाई, तहसील - बलौदा, जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में नियत की गई है।** सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेंडम F No. 22-25/2000-IA,III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालकसार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी में) एवं इसकी सी.डी. (साफ्टकॉपी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत-जांजगीर,जिला- जांजगीर-चांपा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)- अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा, महाप्रबंधक, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत - बलौदा, जिला- जांजगीर-चांपा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद - बलौदा, जिला- जांजगीर-चांपा, तहसीलदार, कार्यालय तहसीलदार बलौदा, जिला- जांजगीर-चांपा, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम - भेलाई, बलौदा, चारपारा, बछौद, जूनाडीह, बिरगहनी, बुड़गहन, कोरबी, कुरमा, नवापारा, डोंगरी, खिसोरा, पंतोरा, जावलपुर, मोहदा, ढोरला, लेवई, नवागांव, कोलिहा देवरी, रसौटा, दहाकोनी, तहसील / जनपद पंचायत - बलौदा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.), सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम- बूचीहरदी, भैंसतरा, करहीडीह, तहसील / जनपद पंचायत - अकलतरा, जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.), सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत / ग्राम- जर्वे, नवापारा, तहसील / जनपद पंचायत - जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)




# अफ्रीका में मिली 7 लाख साल पुरानी इंसान की हड्डियां

**रबात।** इंसान की शुरुआत कहां से हुई? वैज्ञानिक सालों से इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे हैं। अब मोरक्को में मिली करीब 7.7 लाख साल पुरानी हड्डियों ने एक ऐसा राज खोला है, जिसने मानव इतिहास को ही बदल दिया है। मोरक्को के कैसाब्लांका शहर के पास वैज्ञानिकों को इंसानों के बहुत पुराने अवशेष मिले हैं। ये अवशेष करीब 7,73,000 साल पुराने हैं। यह खोज हमें हमारे पूर्वजों के बारे में कई नई बातें बताती है। यह खोज उस समय की है जब इंसान की अलग-अलग प्रजातियां जैसे निएंडरथल और डेनिसोवन एक-दूसरे से अलग होकर अपनी पहचान बना रही थीं।

### इंसानों के कॉमन पूर्वज की खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि आज के इंसान (होमो सेपियन्स), निएंडरथल और डेनिसोवन, ये तीनों लाखों साल पहले एक ही पूर्वज की संतान थे। आज से करीब 5.5 लाख से 7.6 लाख साल पहले ये तीनों एक-दूसरे से अलग होकर अपनी-अपनी प्रजाति बन गए। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल यह है कि वह कॉमन पूर्वज कौन था और कहां रहता था। हालांकि यह अभी भी रहस्य बना हुआ है।

## पलटकर रख दी वैज्ञानिकों की सारी थ्योरी



### क्या थी वैज्ञानिकों की पुरानी थ्योरी?

पहले वैज्ञानिकों को लगा कि स्पेन की एक गुफा में रहने वाला होमो एंटेसेसर ही वह पूर्वज है। यह प्रजाति 8 लाख साल पहले रहती थी और इसमें पराने और नए दोनों तरह के इंसानों की झलक मिलती थी। अगर स्पेन वाली बात सच होती तो इसका मतलब यह होता कि इंसानों की इन तीनों प्रजातियों का बंटवारा यूरोप (यूरेशिया) में हुआ था न कि अफ्रीका में।

### क्या मिल गया इतिहास का लापता पन्ना?

वैज्ञानिकों ने सामने समस्या थी कि उन्हें अफ्रीका में 10 लाख साल पहले के और 6 लाख साल पहले के इंसानों के सबूत मिल तो रहे थे, लेकिन इनके बीच के समय का कुछ पता नहीं था। प्रोफेसर जीन-जैक्स हबलिन का कहना है कि पहले अफ्रीका में इस समय के अवशेष नहीं मिल रहे थे, इसलिए हमें लगा कि वहां कोई नहीं रहता था। मोरक्को की एक जगह पर जबड़े की हड्डियां, दांत और रीढ़ की हड्डी मिले हैं।

### इस खोज से क्या साबित होता है?

इस बदलाव ने दुनिया भर की चट्टानों पर एक खास निशान छोड़ दिया था जिससे वैज्ञानिकों को इनकी उम्र का पक्का यकीन हो गया और यह भी कि इंसानों का जन्म अफ्रीका में हुआ था। इस खोज को करने वाले प्रोफेसर हबलिन अभी इसे कोई बिल्कुल नई प्रजाति नहीं कह रहे हैं। उनका मानना है कि ये शायद पुराने होमो इरेक्टस का ही एक विकसित रूप थे जो धीरे-धीरे बदलकर आधुनिक इंसान बन रहे थे। यह पूरी जानकारी साइंस मैगजीन नेचर पत्रिका में छपी है।

## रोचक खबरें



## पार्टनर की जुदाई से गम में डूबा हिप्पो 14 दिनों से नहीं निकला पानी के बाहर

**कोलकाता।** लोगों को लगता है कि जानवरों के अंदर भावनाएं नहीं होती हैं, वो सिर्फ अपना पेट भरना जानते हैं। मगर कोलकाता के जू में रहने वाले एक हिप्पो ने इस बात को पूरी तरह गलत ठहराया है। ये हिप्पो 14 दिनों से पानी से बाहर नहीं निकला है। कारण है पार्टनर से जुदाई. उसकी इस स्थिति पर जू कर्मी भी परेशान हैं। हालांकि, डॉक्टर्स का ये भी अंदाजा है कि शायद उसकी तबीयत खराब है, इस वजह से भी वो पानी से बाहर नहीं निकल रहा है। कोलकाता के अलीपुर जू से एक बेहद भावुक और चिंताजनक खबर सामने आई है। यहां मौजूद एक दरियाई घोड़ा (हिप्पोपोटेमस) पिछले 14 दिनों से अपने तालाब से बाहर आने से इनकार कर रहा है। शहर में जारी कड़ाके की ठंड के बीच यह असामान्य व्यवहार चिड़ियाघर प्रशासन और पशु चिकित्सकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। चिड़ियाघर अधिकारियों के अनुसार यह व्यवहार क्रिसमस के आसपास से शुरू हुआ। आमतौर पर दरियाई घोड़े दिन के समय पानी में रहते हैं और शाम ढलते ही अपने नाइट शेल्टर यानी रात्रि विश्राम स्थल में चले जाते हैं लेकिन यह नर हिप्पो लगातार पानी में ही बना हुआ है और कई कोशिशों के बावजूद बाहर नहीं आ रहा।

## समंदर में मिली सुनहरी शार्क, गहरा नारंगी रंग, सफेद आंखें देख वैज्ञानिक हैरान

**सैन होज़े।** प्रकृति अपनी गोद में कितने रहस्य छिपाए हुए है, इसका अंदाजा लगा पाना भी मुश्किल है। धरती से लेकर समंदर तक, हर जगह आए दिन कुछ न कुछ अजीब खोजों के बारे में पढ़ने को मिल ही जाता है। समंदर से जुड़े कई राज आज भी अनसुलझे हैं। उसके अंदर कई ऐसे जीव मिलते हैं, जिनके बारे में इससे पहले शायद ही किसी ने देखा और सुना होगा। हाल ही में कोस्टा रिका के समुद्र तट पर एक ऐसी शार्क मिली है, जिसका रंग देखकर हर कोई दंग रह गया। यह शार्क भूरे या स्लेटी रंग की नहीं थी, बल्कि किसी ट्रैफिक कोन की तरह गहरे नारंगी और सुनहरे रंग की है। वैज्ञानिकों ने इस अनोखे जीव को 'गोल्डन शार्क' का नाम दिया है और इसकी दुर्लभ रंगत के पीछे एक हैरान करने वाली मेडिकल स्थिति का पता लगाया है। यह घटना अगस्त 2024 की है, जब कोस्टा रिका के टोर्टुगुएरो नेशनल पार्क के पास कुछ मछुआरों ने इसे पकड़ा था।

## नासा ने पहली बार दिखाई अंतरिक्ष की वो तस्वीरें, जो इंसान नहीं देख सकता

**वॉशिंगटन।** नासा के स्पेक्ट्रो टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक बड़ा धमाका किया है मिशन शुरू होने के महज 6 महीने बाद ही इसने पूरे ब्रह्मांड का एक अनोखा और रंगीन नक्शा तैयार किया है। इसे 100 से भी अधिक अलग-अलग तस्वीरों को जोड़कर बनाया गया है। आमतौर पर हमारी आंखें अंतरिक्ष के कुछ ही हिस्सों को देख सकती हैं, लेकिन यह टेलीस्कोप उन 102 इंफ्रारेड रंगों को देख सकता है जो इंसान नहीं देख सकते। नासा ने इस डेटा को मिलाकर एक नक्शा बनाया है, जिससे वैज्ञानिकों को करोड़ों आकाशगंगा और तारों की स्थिति का पता चलेगा। इस टेलीस्कोप का मुख्य लक्ष्य यह पता लगाना है कि 14 अरब साल पहले बिग बैंग के तुरंत बाद ब्रह्मांड इतनी तेजी से कैसे फैला। यह हमारी आकाशगंगा में जमी हुई बर्फ, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी के कणों को खोजना। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन्हीं तत्वों ने ग्रहों पर जीवन की शुरुआत करने में मदद की होगी। यह मिशन अगले 2 सालों में हर 6 महीने में पूरे आकाश को स्कैन करेगा जो रोजाना 3600 तस्वीरें खींचता है।



**वैज्ञानिकों ने खोज ली तकनीक**

# कैंसर को जलाकर खत्म करेगा नैनो-जादू! अंदर से हड्डियों की करेगा मरम्मत

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने एक खास तकनीक तैयार की है। यह हड्डियों के कैंसर को खत्म करने के साथ-साथ खराब हड्डी को फिर से ठीक करने में भी मददगार है। यह तकनीक मैग्नेटिक नैनोपार्टिकल्स पर आधारित है। चुंबकीय क्षेत्र में गर्म होकर कैंसर कोशिकाओं को मारते हैं। साथ ही हड्डी के जुड़ने और बढ़ने की प्रोसेस को तेज करते हैं। ब्राजील और पुर्तगाल के वैज्ञानिकों ने मिलकर खास तरह का मैग्नेटिक नैनोमैटेरियल बनाया है। यह हड्डी के कैंसर को ठीक करने में मदद करता है। एक तरफ यह कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करता है और दूसरी तरफ हड्डी को दोबारा मजबूत बनने में मदद करता है। यह खोज भविष्य में हड्डी के ट्यूमर के इलाज को आसान और कम दर्दनाक बनाने में अहन भूमिका निभा सकती है।

### सबसे बड़ी चुनौती

रिसर्च टीम के मुताबिक सबसे बड़ी परेशानी यही थी कि ऐसा मैटेरियल बनाया जाए जो कैंसर का इलाज भी करे और हड्डी को भी ठीक करे। इस नई तकनीक से दोनों काम एक साथ संभव हो पाए हैं। स्टडी की लीड लेखक डॉक्टर एंजेला एंड्राडे ने बताया कि इस मैटेरियल में मजबूत मैग्नेटिक ताकत भी है। हड्डी से जुड़ने की क्षमता भी जो पहले एक साथ मिलना मुश्किल था। बता दें कि वैज्ञानिकों ने इस नैनोमैटेरियल को शरीर जैसे तरल पदार्थ में डालकर टेस्ट किया है। वहां यह बहुत जल्दी एपाटाइट नाम का मिनरल बनाने लगा। यह वही मिनरल है जो हमारी असली हड्डी का अहम हिस्सा होता है। इससे यह साफ हो जाता है कि अगर इसे शरीर में लगाया जाए तो यह हड्डी से आसानी से जुड़ सकता है।



### क्या है नैनोमैटेरियल?

वैज्ञानिकों ने लोहे के ऑक्साइड से बने बेहद छोटे कण तैयार किए। इन कणों के ऊपर बायोएक्टिव ग्लास की बहुत पतली परत चढ़ाई गई। यही डिजाइन इस मैटेरियल को खास बनाता है। अंदर का हिस्सा मैग्नेटिक है और बाहर की परत हड्डी से अच्छी तरह चिपकने में मदद करती है। रिसर्च के दौरान नैनोमैटेरियल के अलग-अलग रूप बनाए गए। इनमें से जिस किस्म में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा थी उसने सबसे अच्छे नतीजे दिखाए।

### कैंसर को गर्मी से खत्म करता

इस मैटेरियल का लोहे वाला हिस्सा चुंबकीय क्षेत्र में आते ही गर्म हो जाता है। इस गर्मी से कैंसर कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। इसे मैग्नेटिक हाइपरथर्मिया कहा जाता है। खास बात यह है कि यह गर्मी आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं को ज्यादा नुकसान भी नहीं पहुंचाती और खतरनाक सेल्स को खत्म कर सकती है। जहां एक तरफ यह कैंसर पर असर डालता है। बाहर की बायोएक्टिव ग्लास परत नई हड्डी बनने में मदद करती है। इससे ट्यूमर हटाने और हड्डी को ठीक करने का काम एक ही इलाज में हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कैंसर और हड्डी के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। इस तरह के स्मार्ट नैनोमैटेरियल से आगे चलकर ऐसे इलाज संभव हो सकते हैं। इनमें कम सर्जरी करनी पड़ेगी और मरीज जल्दी ठीक हो सकता है।

## एक साल का काम, एक घंटे में! गूगल इंजीनियर के दावे ने एआई को लेकर बढ़ा दी टेंशन

**नई दिल्ली।** एआई से नौकरियां जाने की आशंका अब सिर्फ अंदेशा नहीं रही। तेजी, सटीकता और बिना थके काम करने की क्षमता ने एआई को कई मामलों में इंसानों से आगे ला खड़ा किया है। इसी बीच एलन मस्क का बयान भी चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में एआई लगभग हर क्षेत्र में इंसानों से बेहतर हो सकता है। अब इस बहस में नया मोड़ लाई हैं गूगल की प्रिंसिपल इंजीनियर जाना डोगन ने। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि कोडिंग से जुड़ी एक जटिल समस्या, जिसे उनकी टीम पिछले एक साल से सुलझा रही थी, एआई टूल क्लाउड कोड ने महज एक घंटे में हल कर दिया। यह समस्या वितरित एजेंट ऑर्केस्ट्रेटर से जुड़ी थी, यानि ऐसे सिस्टम जो कई एआई एजेंट्स को एक साथ काम करने के लिए मैनेज करते हैं। डोगन के मुताबिक, गूगल में इस पर कई डिजाइन विकल्पों पर काम हुआ, लेकिन किसी एक फाइनल मॉडल पर सहमति नहीं बन पाई थी। उन्होंने साफ किया कि एआई को दी गई जानकारी सिर्फ तीन छोटे पैराग्राफ की थी और उसमें गूगल की कोई इंटरनल जानकारी शामिल नहीं थी। नतीजा परफेक्ट नहीं था, लेकिन इतना सटीक कि किसी भी अनुभवी इंजीनियर को हैरान कर दे।

## 38 साल की उम्र में नानी बनी महिला, मां बेटी को साथ में देख चौंक जाते हैं लोग!

**न्यूयार्क।** अमेरिका की रहने वाली ब्रिटनी ने अपनी बेटी के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसे देखकर ज्यादातर लोग यही समझ बैठे कि दोनों सगी बहनें हैं। तस्वीर में मां-बेटी इतनी एक जैसी दिख रही हैं कि लोगों के लिए यह पहचानना मुश्किल हो गया कि आखिर बेटी कौन है और मां कौन। हमारे घरों में दादी-नानी को देखकर आपको वाकई लगेगा कि वो दादी या नानी हैं। मतलब ये कि उनकी उम्र ज्यादा लगती है, बाल पके, चेहरे पर झुर्रियां, तजुर्बा इतना कि हर काम को आसानी से कर दें। उन्हें दुनिया की समझ होती है, इंसान को पहचानने का हुनर होता है। पर विदेशों में ऐसा नहीं होता। वहां पर दादी-नानी कम उम्र की भी होती हैं। मगर एक अमेरिकी नानी ने तो सभी को हैरान कर दिया है। वो सिर्फ 38 साल की हैं। जब वो अपनी बेटी के साथ खड़ी होती हैं, तो लोग दोनों को देखकर बहनें समझ लेते हैं।



### जिंदगी में तेजी से बदलती तस्वीर...

ब्रिटनी, जो चार बच्चों की मां हैं, ने अपने पोस्ट में भावुक अंदाज में लिखा, 'एक पल आप 19 साल की होती हैं और अपने एक साल के बच्चे को गोद में लिए होती हैं। अगले ही पल आप अपनी 20 साल की बेटी के साथ समय बिता रही होती हैं।' उनकी यह लाइन सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आई और कई लोगों ने इसे जिंदगी की तेजी से बदलती तस्वीर बताया। कमेंट सेक्शन में प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, 'इनमें से बेटी कौन है?' वहीं, दूसरे ने कहा, 38 साल की उम्र में नानी बनना तो वाकई हैरान करने वाला है। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, आप इतनी यंग कैसे दिखती हैं? जबकि किसी ने लिखा, ओह माय गॉड, आप दोनों में से बेटी कौन है, समझ ही नहीं आ रहा।

### ब्रिटनी ने बताया अपना स्किन केयर रूटीन

ब्रिटनी की इस वायरल पहचान के बाद उनके सोशल मीडिया फॉलोअर्स तेजी से बढ़े हैं। ब्रिटनी अपने ब्यूटी सीक्रेट्स छुपाती नहीं हैं। वह खुले तौर पर अपने मॉर्निंग और नाइट स्किन केयर रूटीन, इस्तेमाल किए जाने वाले प्रोडक्ट्स और अपनी 'होली ग्रेल' यानी सबसे पसंदीदा चीजों के बारे में बताती हैं। ब्रिटनी ने बताया कि वह रात में अपने गालों पर वैसलीन का इस्तेमाल करती हैं, जिससे त्वचा में नमी लॉक हो जाती है। इसके अलावा वह तेल लगाने के बाद और फेस टेप लगाने से पहले भी वैसलीन का उपयोग करती हैं, जिसे वह अपनी 'सीक्रेट वेपन' कहती हैं। उनका दावा है कि इससे झुर्रियां आने से बचाव होता है।




## एलियन यान या मामूली कॉमेट! आखिर क्या है रहस्यमय 3आई/एटलस

**वॉशिंगटन।** जुलाई 2025 में जब वैज्ञानिकों ने 3आई/एटलस नाम के रहस्यमय पिंड को हमारे सौरमंडल में देखा तो हड़कंप मच गया था। इसकी अजीब चाल और अनोखा रास्ता देखकर वैज्ञानिकों को शक हुआ कि कहीं यह कोई एलियन यान तो नहीं। 3आई/एटलस नाम का एक अनोखा धूमकेतु लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह हमारे सौर मंडल के बाहर से आया है और इससे पहले हमारे सौर मंडल में बाहर से आने वाले केवल दो ही पिंड ओउमुआमुआ और बोरिसोव देखे गए थे। इसकी खोज जुलाई 2025 में एटलस टेलीस्कोप की मदद से की गई थी। यह जिस रास्ते से चल रहा है वह बहुत ही अजीब है जो आम धुमकेतुओं से मेल नहीं खाता। आपनी अलग खूबियों के कारण लोग और वैज्ञानिक इसके बारे में कई तरह के अंदाजे लगा रहे हैं कि आखिर यह कहां से आया है।



### धूमकेतु है और कुछ भी नहीं

इस कॉमेट का अजीब आकार और व्यवहार देखकर हार्वर्ड के वैज्ञानिक एवी लोएब समेत कुछ लोगों को लगा कि शायद यह प्राकृतिक नहीं है। उनके मन में यह सवाल था कि कहीं यह किसी दूसरे ग्रह के एलियंस द्वारा बनाया गया यान तो नहीं। नासा ने शुरू से ही इन बातों को सच नहीं माना और कहते रहे कि यह सिर्फ एक धूमकेतु है और कुछ भी नहीं। अब दूसरी टीम ने पक्का किया कि यह कोई एलियन यान नहीं है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com